जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोन:- 226422, 226423 फैक्स:- 02973-226424 वर्ष: 20 संख्या: 228 प्रभात जालोर, मंगलवार, 25 नवम्बर, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक साल के लिए बाहरी व्यक्तियों को नियुक्त किया बंगाल में चुनाव ड्यूटी पर

### ममता बनर्जी इस आदेश से अत्यंत विचलित हुई, क्योंकि वे किसी भी तरह से एसआईआर की प्रक्रिया पूरी नहीं होने देना चाहती हैं प. बंगाल में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 नवम्बर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस फैसले से झटका लगा है कि चुनावी कामकाज के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए बाहरी डेटा एंट्री ऑपरेटर और डेटा स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी।

वे बड़े हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में, वोटिंग प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए इलैक्शन बूथ बनाने के सी.ई.सी. के फैसले का भी विरोध कर रही हैं।

अगर ये कदम लागू होते हैं, तो ममता बनर्जी की बड़े पैमाने पर होने वाली चुनावी धांधली और डेटा में हेरफेर पर सीधा प्रहार होगा। यही वह मुख्य तरीका है, जिसके आधार पर ममता बनर्जी चुनाव प्रक्रिया पर पकड़ बनाए रखकर सत्ता में बनी हुई हैं।

- उन्होंने ब्लॉक लेवल अफसरों को भी उकसाया, सर की प्रक्रिया पूरी होने से रोकने के लिए। इन लोगों ने झंडा प्रदर्शन किए और प्रचारित किया कि ब्लॉक लेवल के अफसर काम के दबाव के कारण आत्महत्या कर रहे हैं।
- बांग्लादेश से गैर कानूनी तरीके से भारत में आए लोग विशेष रूप से सर प्रक्रिया से भयभीत हैं, क्योंकि वे फर्ज़ी कागज़ों के सहारे भारत में चल रही सभी स्कीमों का भरभूर लाभ ले रहे थे।
- यह एक अपराध है। अतः बहुत सारे बांग्लादेशी अपने घरों पर ताला लगाकर बांग्लादेश जा चुके हैं और यह प्रक्रिया जारी है।
- चुनाव आयुक्त ने यह भी व्यवस्था बैठाई है कि बड़े-बड़े हाउसिंग कॉम्पलैक्सों में मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे, जिनसे गैर कानूनी तरीके से आए बांग्लादेशियों की उपस्थिति साफ नज़र आएगी।

ममता बनर्जी ने अपने मुस्लिम समर्थकों को आश्वासन दिया था कि पश्चिम बंगाल में न तो कोई एसआईआर होगा और न ही मतदाता सूची में कोई संशोधन किया जाएगा। उन्होंने कई वर्गों से वादा किया था कि वे एस.आई.आर. सहित, ऐसे किसी भी कदम का कड़ा विरोध करेंगी।

लेकिन अब उनके पास एस.आई.आर. को लागू होते देखने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इससे मुस्लिम वोट बैंक के कई हिस्से, खासकर वे लोग, जो सीमा पार से घुसपैठ कर आए थे, बेहद नाराज़ हैं।

यह मुद्दा उठते ही ममता बनर्जी ने इसे लागू करने का विरोध करने के लिए चारों तरफ से हमला बोल दिया है। उन्होंने नए प्रस्तावों का विरोध करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को एक पत्र भी लिखा है।

ममता बनर्जी ने अपने हमले का दायरा और बढ़ा दिया है। उन्होंने ब्लॉक लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ), जो मतदाता सूची में ज़मीनी स्तर पर सुधार करते हैं, को भी भड़काया है कि वे अपने ऊपर काम के बढ़ते दबाव का विरोध करें। वे कह रही हैं कि बीएलओ अत्यधिक काम के दबाव में आत्महत्या कर रहे हैं।

इसके अलावा, एसआईआर लागू

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एसआई भर्ती पर अभ्यर्थियों व आरपीएससी से हाई कोर्ट ने जवाब मांगा

जयपुर, 24 नवम्बर। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए, एकलपीठ में याचिकाकर्ता रहे अभ्यर्थियों और आरपीएससी से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही, अदालत ने आयोग के पूर्व अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय और सदस्य मंजू शर्मा की ओर से दायर अपील पर भी पक्षकारों को जवाब देने को कहा है। वहीं, खंडपीठ ने मामले में 5 जनवरी को सुनवाई तय की है। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस मनीष

- राज्य सरकार की भर्ती रद्द नहीं करने की अपील पर सुनवाई 5 जनवरी को।

शर्मा की खंडपीठ ने ये आदेश मामले में दायर अपील याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने बताया कि अपील में कहा गया कि पूरी भर्ती रद्द होने से इसका असर निर्दोष अभ्यर्थियों के जीवन पर पड़ रहा है। इसके अलावा, यदि जांच एजेंसियां भर्ती में सही और गलत की छंटनी कर सकती है तो कानूनन पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय और सदस्य मंजू शर्मा ने एकलपीठ की ओर से भर्ती रद्द करने के आदेश में उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों को अपील में चुनौती दी है।

## अभी तक नीतीश सरकार के मंत्रिमंडल की प्रथम बैठक नहीं आयोजित हो पाई है

### दोनों घटकों के बीच अविश्वास और मतभेद उभरे हैं, स्पीकर के पद को ले कर

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 नवंबर। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार एक बार फिर नई उथल-पुथल का सामना कर रही है, क्योंकि राज्य विधानसभा के नए स्पीकर के चुनाव को लेकर जेडीयू और भाजपा के बीच मतभेद काफी बढ़ गए हैं। इस विवाद के कारण सरकार के महत्वपूर्ण कामकाज रूक गये हैं और सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर अविश्वास और गहरा हो गया है।

गौरतलब बात यह है कि सरकार की पहली पूर्ण कैबिनेट बैठक भी अब तक नहीं हो पाई है, क्योंकि दोनों दलों के बीच नए स्पीकर के मुद्दे पर तीखी असहमति बनी हुई है।

बताया जाता है कि जेडीयू नेतृत्व नाराज़ है, क्योंकि भाजपा ने गृह विभाग जैसा महत्वपूर्ण मंत्रालय अपने पास रख लिया है, जिसे नीतीश कुमार आमतौर पर खुद संभालते रहे हैं या बहुत करीब से देखते रहे हैं। अन्दरूनी सूत्रों के अनुसार, यह फैसला केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्तर पर लिया गया था। माना जाता है कि उन्होंने नीतीश कुमार की कथित हैल्थ प्रॉब्लम और राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति का हवाला देते हुए इस विभाग के लिए जोर दिया था।

- भाजपा हाईकमान ने नीतीश के स्वास्थ्य के मुद्दे व राज्य में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति का बहाना ले कर नीतीश से गृह विभाग ले लिया था।
- जदयू के नेताओं का मानना है कि शुरु से ही गृह विभाग मुख्यमंत्री नीतीश के पास ही रहता था और अब यह व्यवस्था बदलने का मतलब जदयू को कमज़ोर करना है।
- नीतीश कुमार ने अब जिद पकड़ी है कि विधानसभा अध्यक्ष का पद जदयू को मिलना चाहिए, जिससे जदयू के विधायकों को पार्टी बदलने से रोका जा सके, अन्यथा विधानसभा में असहजता बनी रहेगी।
- भाजपा नीतीश के तर्क को स्वीकार करने को कतई तैयार नहीं है, क्योंकि उनके अनुसार दो दशकों से स्पीकर का पद भाजपा के पास रहा है। अतः अब इस पद को जदयू को सौंपना असंभव है।
- प्रशांत किशोर व महागठबंधन भी इस विवाद में अपनी रोटी संेकते नज़र आ रहे हैं, उनका कहना है कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व तीन अन्य मंत्री फर्ज़ी दस्तावेज व जन्म प्रमाण पत्र दिखाकर मंत्री बने हैं और उन पर आय से ज्यादा संपत्ति होने का आरोप है, अतः गैर भाजपाई को स्पीकर बनाना चाहिए।

भाजपा नेताओं का कहना है कि हाल के दिनों में राज्य में हिंसक अपराधों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अपने नब्बेवें जन्मदिन के दो सप्ताह पहले धर्मेन्द्र ने दुनिया से विदाई ली

### लुधियाना के नसराली गाँव के ग्रामीण लड़के ने सदा स्वीकार किया कि उन्होंने दिलीप कुमार के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर फिल्मों में आने की ठानी थी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 नवंबर। बॉलीवुड अभिनेता धर्मेन्द्र का मुंबई में निधन हो गया। दो सप्ताह बाद, उनका 90वाँ जन्मदिन मनाया जाना था। दो हफ्ते पहले भी मुंबई के एक अस्पताल में उनके निधन की झूठी खबर टीवी चैनलों पर चली थी, लेकिन वह फेक न्यूज़ साबित हुई।

धर्मेन्द्र से पहले भारतीय सिनेमा के "स्क्रीन गॉड्स" ट्रैज़िक हीरो होते थे।

- दूसरी ओर यह भी अजीबोगरीब संयोग था कि धर्मेन्द्र के आगमन से पहले भारतीय सिनेमा में ट्रैजिक हीरो ही छाये हुए थे, जिसका प्रतीक एक तरह से दिलीप कुमार थे।
- किन्तु धर्मेन्द्र ने नया युग शुरु किया था, जिसमें हीरों की कामुकता उसका सौष्ठव शरीर ही उसका सबसे बड़ा आकर्षण था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'धारीवाल को हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश के किस भाग पर आपत्ति है'

जयपुर, 24 नवंबर। प्रदेश के चर्चित एकल पट्टा प्रकरण में हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के खिलाफ पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एसएलपी पर सुनवाई करते हुए धारीवाल के वकील कपिल सिब्बल से एक सप्ताह में यह बताने को

- सुप्रीम कोर्ट ने धारीवाल के वकील से एक सप्ताह में जवाब मांगा।

कहा है कि उन्हें हाईकोर्ट के फैसले के किस भाग पर आपत्ति है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई आगे के लिये टाल दी है।

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कैनडा के प्र.मंत्री कार्नी मोदी के निमंत्रण पर 2026 में दिल्ली आएंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 नवंबर। कैनडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

दोनों नेताओं ने जून में कनानास्किस में हुए जी7 सम्मेलन के दौरान हुई पिछली मुलाकात के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई सकारात्मक प्रगति का स्वागत किया। साथ ही, उन्होंने अक्टूबर में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों द्वारा घोषित नए द्विपक्षीय रोडमैप की भी सराहना की।

प्रधानमंत्री कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए, 2026 की शुरुआत में भारत आने पर सहमति जताई।

- दोनों प्रधानमंत्रियों ने नवंबर 2025 को हुए कॉन्प्रीहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमैंट (सीपा) की प्रगति पर संतोष जताया और आशा की कि 2030 तक 70 अरब डॉलर तक पहुँच जाएगा दोनों देशों के मध्य।
- प्रधानमंत्रियों ने कानून व्यवस्था के संबंध में दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान को भी आशाजनक बताया।
- जैसा कि विदित ही है, अगस्त 2025 में काफी समय बाद, दोनों देशों ने हाई कमिश्नर नियुक्त किये थे, दोनों देशों की राजधानी में और तब से कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य सी होती जा रही है।

13 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में हुई व्यापार और निवेश पर 7वीं मंत्री-स्तरीय वार्ता के आधार पर दोनों नेताओं ने एक महत्वाकांक्षी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते, कॉन्प्रीहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमैंट (सीईपीए) के लिए विधिवत् वार्ता शुरु करने पर सहमति जताई। इस समझौते में वस्तुएं, सेवाएं, निवेश, कृषि और कृषि-खाद्य, डिजिटल व्यापार, गतिशीलता और सतत विकास जैसे क्षेत्र शामिल होंगे।

दोनों नेताओं ने विश्वास जताया कि सीईपीए एक मजबूत आर्थिक आधार बनेगा और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से ज्यादा बढ़ाकर, 70 बिलियन डॉलर तक पहुँचाने में मदद करेगा।

अगस्त 2025 में उच्चायुक्तों की वापसी के बाद, दोनों प्रधानमंत्रियों ने, बढ़ती कॉन्सुलर जरूरतों को पूरा करने और ज्ञान के परस्पर आदान-प्रदान सहित, लोगों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए, राजनयिक स्टाफ बढ़ाने पर भी सहमति जताई। प्रधानमंत्री कार्नी ने दोनों देशों के बीच कानून प्रवर्तन संवाद में हुई प्रगति का भी स्वागत किया।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने नियमित उच्च-स्तरीय पारस्परिक यात्राओं, जिसमें मंत्रियों और कारोबारी समुदाय के प्रतिनिधियों की यात्राएँ भी शामिल हैं, की आवश्यकता एवं महत्व पर भी जोर दिया।

## समाप्त नहीं हो रहा कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन का मसला

नयी दिल्ली, 24 नवंबर। कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की मांग को लेकर खींचतान जारी हैं और छह से ज्यादा कांग्रेस विधायक रविवार देर शाम दिल्ली पहुंचे । पिछले एक सप्ताह से कांग्रेस विधायकों का दिल्ली आना जारी है।

सूत्रों के अनुसार, कर्नाटक कांग्रेस में राजनीति इन दिनों काफी तेज हो चुकी

- कर्नाटक के विधायकों का दिल्ली आना लगातार बना हुआ है।

है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक विधायक मुख्यमंत्री बदलने की मांग को लेकर दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान का दरवाजा खटखटा रहे हैं। पिछले एक हफ्ते में तीसरी बार ऐसा हुआ है, जब शिवकुमार गुट के विधायक दिल्ली आये हैं।

दिल्ली में जुटे सभी विधायक मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के खिलाफ असंतोष जता रहे हैं। विधायकों का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अरबपति लक्ष्मी मित्तल ने इंगलैंड की नागरिकता छोड़ कर स्विट्ज़रलैण्ड को अपना घर बनाया

### इस परिवर्तन का मुख्य कारण है, इंगलैंड की नई लेबर सरकार ने देश की टैक्स व्यवस्था में नॉन डोमिसाइल इन्वेस्टर को मिल रही रैमिटैंस का आधार बदल दिया है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 नवम्बर। स्टील उद्योग के दिग्गज लक्ष्मी मित्तल ने यूनाइटेड किंगडम में अपनी तीन दशक लंबी निवास अवधि (रैजिडैंसी) को औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया है। नई लेबर सरकार की वजह से फिस्कल माहौल में आई बड़ी गड़बड़ी के जवाब में उन्होंने अपना टैक्स बेस यूके से बाहर शिफ्ट कर दिया है। उनका यह कदम अकेला नहीं है, बल्कि हाई नैट वर्थ वाले लोगों को टारगैट करने वाले बड़े सुधारों का एक सीधा रिएक्शन है, विशेष रूप से इनहेरिटेंस टैक्स (उत्तराधिकार कर) में बदलाव और उन विशेष टैक्स व्यवस्थाओं को खत्म करना, जो कभी ब्रिटेन को वैश्विक संपन्न लोगों के लिए आकर्षक बनाती थीं।

भारतीय मूल के मित्तल, जो आर्सेलर मित्तल के संस्थापक हैं और 2025 संडे टाइम्स रिच लिस्ट में 15.444 बिलियन की अनुमानित संपत्ति के साथ आठवें स्थान पर रहे, 1995 से लंदन में अपने वैश्विक साम्राज्य का संचालन कर रहे थे। वे शहर के एलीट लोगों में शामिल थे। कैंसिंग्टन पैलेस गार्डन्स में "ताज मित्तल" नाम के शानदार मेंशन की खरीद से लेकर बड़े स्तर के सामाजिक कार्यों तक, उनकी मौजूदगी लंदन की हाई-प्रोफ़ाइल दुनिया का हिस्सा बन चुकी थी। इसलिए, उनका जाना सिर्फ व्यक्तिगत टैक्स निर्णय नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे यूके की विदेशी निवेशकों के बीच घटती स्थिरता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

- रैमिटैंस व्यवस्था में हाई नैटवर्थ व्यक्तियों की ऑफ शोर इनकम पर टैक्स नहीं लगता था जब तक यह इनकम ब्रिटेन में ना लाई जाए।
- यह एक सुविधा अंतर्राष्ट्रीय उद्योगपतियों को लंदन में ऑफिस खोलने के लिए प्रोत्साहित करती थी। अब रेजिडेंस बेस्ड इनहैरिटेंस टैक्स व्यवस्था लागू होने से जिन व्यक्तियों की रिहाइश बीस में से दस साल इंगलैंड रही है तो उनकी अंतर्राष्ट्रीय संपत्ति पर दस प्रतिशत टैक्स लाज़मी हो गया है।

मित्तल और अन्य अमीर विदेशी निवासियों के लिए सबसे बड़ा झटका लेबर सरकार द्वारा सदियों पुराने "नॉन-डॉमिसाइल" (गैर-निवासी) टैक्स नियम को खत्म करना और अप्रैल 2025 से उसकी जगह, कहीं अधिक सख्त व्यवस्था लागू करना था। यह बदलाव डॉमिसाइल-आधारित प्रणाली से हटकर एक सख्त रेजिडेंस-आधारित टैक्स ढांचे की ओर एक बड़ा परिवर्तन है। पुराने नियम के तहत नॉन-डॉमिसाइल निवेशक "रैमिटैंस बेसिस" का लाभ उठाते थे, जिसके तहत विदेश में कमाई गई आय और लाभ पर यूके टैक्स नहीं लगता था, जब तक कि वह पैसा ब्रिटेन नहीं लाया जाता था। यही व्यवस्था लंदन में फैमिली ऑफिस स्थापित करने वाले वैश्विक उद्यिमयों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण थी।

विदेशी निवेशकों के लिए इस व्यवस्था को खत्म करना और नए नियम लागू करना इस सवाल को ही बदल देता है कि क्या ब्रिटेन में रहना फायदेमंद है। रैमिटैंस-बेस्ड टैक्सेशन का वह खास इंसैंटिव अब खत्म हो गया है, जो कभी यू.के. को यूरोप के अन्य उच्च-कर व्यवस्था (हाई-टैक्स कॉन्टिनैंटल सिस्टम) वाले देशों से अलग बनाता था। इससे भी बड़ा झटका इनहेरिटेंस टैक्स को रेजिडेंस-आधारित बनाना है। मित्तल के सलाहकारों के अनुसार, यही सबसे गंभीर मुद्दा था। नए नियम के तहत, जो भी व्यक्ति पिछले 20 टैक्स वर्षों में से 10 साल यूके में रहा है, उसकी दुनियाभर की संपत्ति पर 40 प्रतिशत इनहेरिटेंस टैक्स लगेगा। बड़े इन्टरजैनरेशनल एस्टेट, क्रॉस बॉर्डर ट्रस्ट और मल्टीनैशनल होल्डिंग्स वाले इन्वैस्टर्स के लिए यह बदलाव देश में लंबी अवधि के निवास को वित्तीय खतरा बना देता है।

इनकम टैक्स और कैपिटल गेन्स की नई संरचना भी दबाव बढ़ाती है, क्योंकि विदेशी आय और लाभ पर चार साल की छूट (एफ.आई.जी. व्यवस्था) सिर्फ नए आने वालों के लिए है। मित्तल जैसे लंबे समय से रहने वाले लोगों को ग्लोबल इन्वैस्टैंट इन्कम पर टैक्सेशन में तुरंत भारी बढ़ोतरी का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मोदी आज रामजन्म भूमि मंदिर जायेंगे

नई दिल्ली 24 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर जाएंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि देश

- दोपहर 12 बजे करीब वे रामजन्म भूमि मंदिर के शिखर पर भगवा झंडा फहरायेंगे।

के सामाजिक-सांस्कृतिक और आध्यात्मिक माहौल में यह एक विशिष्ट अवसर होगा।

मोदी सुबह सप्तमंदिर जाएंगे, जहां महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुहा और माता शबरी से जुड़े मंदिर हैं। इसके बाद वे शेषावतार मंदिर जाएंगे।

इसके बाद, प्रधानमंत्री माता अन्नपूर्णा मंदिर जाएंगे और राम दरबार गर्भ गृह में दर्शन तथा पूजा करेंगे। बाद में वह राम लला गर्भ गृह में दर्शन करेंगे।

दोपहर करीब बारह बजे प्रधानमंत्री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

**आदमी की दुर्भावना उसके दुश्मन के बजाय उसे ही अधिक दुःख देती है।**
**–चार्ल बक्सटन**

# कार्योत्तर स्वीकृति की संस्कृति उपयुक्त नहीं

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक निर्णय दिया है, जिसके द्वारा उसने अपने ही निर्णय को बदल दिया। 2017 से पूर्व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से यह प्रावधान था कि बडे और विशेष प्रकार के उद्योग स्थापित करने से पूर्व पर्यावरण संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाय। इस हेतु विशेषज्ञों की समिति, स्थापित होने वाले उद्योग के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करके अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने या न करने की अनुशंसा करती थी। पर्यावरण संबंधी कानून के अंतर्गत इसका प्रावधान था। इसका उद्देश्य पर्यावरण की सुरक्षा करना था। यह देखा जाता था कि उद्योग के कारण पर्यावरण पर कितना प्रभाव पड़ेगा और क्या वह अत्यावश्यक है?

भारत सरकार ने औद्योगिकरण को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सन् 2017 में यह आदेश जारी किया कि पर्यावरणीय पूर्व स्वीकृति के अभाव में उद्योग लगाने का काम रोका नहीं जाएगा और यह उद्योग स्थापित होने के बाद में भी लिया जा सकेगा। ऐसी शिथिलता प्रदान करने का दबाव कई बड़े औद्योगिक घरानों द्वारा बनाया जा रहा था ताकि वे तेजी से अपनी परियोजना पर काम कर सकें। इसका अर्थ यह हुआ कि किसी भी प्रकार की परियोजना पर काम करने से पूर्व पर्यावरण संबंधी अनापत्ति पत्र प्राप्त करना आवश्यक नहीं रहा । इस छूट के कारण  पानी का प्रदूषण, जंगलों की कटाई तथा वायु प्रदूषण बड़ी मात्रा में होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। इसके कारण गरीब आदिवासी लोगों को अपने विस्थापन का दंश झेलना पड़ा था।

पर्यावरण विदों द्वारा इसके विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की गई। सर्वोच्च न्यायालय की खंड पीठ ने सरकार के 2017 के आदेश पर 2022 में रोक लगा दी। न्यायालय ने यह कहा कि पर्यावरण के प्रकरणों में इस प्रकार से कार्योत्तर स्वीकृति का कोई अर्थ नहीं रहेगा एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की आशंका बनेगी। इस निर्णय के विरुद्ध कुछ उद्योगपति न्यायालय में गए। हाल ही में दिया गया निर्णय उसी की परिणति है। यह निर्णय तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ  द्वारा 2 – 1 के बहुमत से पारित किया गया। न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां ने इस बहुमत के निर्णय के विरुद्ध अपना मत दिया और स्पष्ट कहा कि पर्यावरण संबंधी अनुमोदन के बिना किसी परियोजना का कार्य प्रारंभ होना, पर्यावरण के लिए खतरा उत्पन्न करेगा। यह उल्लेखनीय है कि काम शुरू होने पर पर्यावरण की स्वीकृति लेने का दबाव समाप्त हो जाता है। कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने के लिए जब प्रार्थना पत्र पर विचार होता है, तब यह बिंदु प्रमुख हो जाता है कि स्वीकृति नहीं दी गई तो किया गया करोड़ों रुपए का व्यय व्यर्थ हो जाएगा। हमने यह पहले भी देखा है कि कई बार सर्वोच्च न्यायालय ने किसी बात को गलत माना, किंतु केवल इस आधार पर उसे छूट दे दी कि अब समय बहुत निकल चुका है और किसी भी किए गए कार्य को उलट देना संभव नहीं है।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने एक बार पुन: औद्योगिक घरानों को अन्य पर्यावरणीय घटकों के साथ खिलवाड़ करने का अवसर प्रदान कर दिया है क्योंकि अब उन्हें पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं रही है।

कार्यपालिका तो पहले ही कानून की पालना करने में लगभग असमर्थ  ही रही है ।लगभग सभी प्रकार के प्रकरणों में जब कोई कानून के विरुद्ध काम हो जाता है, तो कार्यपालिका समय-समय पर उसे नियमित करने में लगी रहती है। ये कार्य चुनावों से पूर्व शिविर लगा कर किए जाते हैं।

सरकारी भूमि पर जितने भी अतिक्रमण हुए, चाहे वे चारागाह भूमि पर हों, नदी/ नाले पर हों या वन भूमि पर हों,उन सब अतिक्रमणों के पीछे केवल एक ही कारण है। जब अतिक्रमण प्रारंभ हुए तो उन्हें सरकार ने होने दिया और बाद में इस आधार पर नियमित कर दिया कि अब तो बहुत समय हो गया है, इन्हें हटाना संभव नहीं है ।

जब मैं राजस्थान विश्वविद्यालय में कुल सचिव के पद पर कार्यरत था तो कुछ छात्रों ने फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर मेडिकल कॉलेज में आरक्षित सीटों पर प्रवेश लिया था।  इसके विरुद्ध अपील होने पर,उच्च न्यायालय ने  निर्णय पारित किया कि छात्रों का मेडिकल कॉलेज में प्रवेश फर्जी  जाति  प्रमाणपत्र के आधार पर हुआ तो है, किंतु फिर भी उनका मेडिकल कॉलेज में प्रवेश निरस्त नहीं किया जाए। ऐसा निर्णय इसलिए दिया कि वे तीन-चार वर्ष तक पढ़ाई  तो कर ही चुके हैं । यह किस प्रकार का तर्क है कि पहले तो समय पर कोई कार्रवाई न्यायपालिका अथवा कार्यपालिका न करे और बाद में उसे नियमित करने की बात करे?

इस प्रकार की प्रवृत्ति नगर निगम ,जयपुर विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग, कलेक्ट्रेट, खनिज विभाग, उद्योग विभाग आदि में पाई जाती है। पहले तो कानून विरुद्ध कार्यवाही को होने दें और एक बार जब ऐसा हो जाए तो बाद में यह कहेंगे कि अतिक्रमण को नियमित कर दिया जाय क्योंकि समय अधिक हो गया है, इसलिए इसे हटाना जनहित में नहीं होगा।

बहु मंजिला भवन के लिए आवश्यक ऑक्यूपेंसी प्रमाणपत्र के बिना ही उसमें खरीददार रहना प्रारंभ कर देते हैं। सिनेमा और अस्पताल बिना फायर एन ओ सी के काम करना प्रारंभ कर देते हैं। इसी कारण आग लग जाती है। हाल में जयपुर के एस एम एस हॉस्पिटल में आग लगने से कई मरीजों की मौत हो गई थी।

**हमारे देश में कानून तो शायद दुनिया में सबसे अधिक हैं, किंतु साथ ही यह भी सत्य है कि इनकी पालना लगभग नगण्य है । जो व्यक्ति समर्थ है, वह कानून को धत्ता बताते हुए सारे गैर कानूनी कार्य कर लेता है और फिर अपने प्रभाव से उन सबको नियमित भी करा लेता है। जो व्यक्ति कानून के अनुसार पूर्व अनुमति लेकर कोई कार्य करना चाहता है तो वह अनिश्चित काल तक प्रतीक्षा करता रह जाता है और दुनिया की नजरों में 'मूर्ख' ही सिद्ध होता है, जबकि कानून तोड़ने वाला होशियार कहलाता है। ऐसे व्यक्तियों को प्रशासन भी प्रत्यक्ष/ अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित करता है।**

स्पष्ट है, कार्योत्तर स्वीकृति की प्रवृत्ति, कानून की अवहेलना को ही बढ़ावा देगी। वैसे ही, देश में सामान्य धारणा यह बनती जा रही है कि यहां पर कानून का राज नहीं है और जो व्यक्ति कानून तोड़कर अवैधानिक कार्य कर ले, उसे सरकार कुछ समय के बाद स्वयं ही नियमित कर देगी। जब कोई भवन निर्माण की अनुमति चाहे तो यह  अनिश्चितकाल तक नहीं दी जाएगी किंतु यदि कोई बिना किसी प्रकार का सेटबैक छोड़े या भवन निर्माण के कानून का उल्लंघन करते हुए कुछ भी निर्माण कर ले, उसे बाद में नियमित कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में जो व्यक्ति कानून के अनुसार काम करना चाहता है वह अपने आप को ठगा सा महसूस करता है।

जिस समय कृषि भूमि पर या सरकारी भूमि पर गैर कानूनी बस्तियां बस रही होती हैं, उस समय तो जयपुर विकास प्राधिकरण या नगर निगम के लोग कोई कार्रवाई नहीं करते हैं । जब बड़े स्तर पर लोग उसमें प्लॉट खरीद लेते हैं या मकान बना लेते हैं तो फिर यह बहाना बनाया जाता है कि इनको हटाया नहीं जा सकता। मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की आड़ में गैरकानूनी काम को नियमित करने की प्रवृत्ति बढ़ती है। सुप्रीम कोर्ट के हाल के फैसले ने इसी प्रकार की प्रवृत्ति को और बढ़ावा देने का ही काम किया है।

कृषि भूमि पर व्यावसायिक गतिविधि करने या उद्योग स्थापित करने से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होता है । यदि कार्योत्तर स्वीकृति का ही प्रावधान रखा गया तो फिर सभी लोग अनियोजित रूप से बस्तियां बसा लेंगे एवं व्यावसायिक गतिविधियां प्रारंभ कर देंगे। इसके कारण सामान्य नगरीय व्यवस्था भी अस्त व्यस्त हो जाएगी।  देखा यहभी गया है कि इन्हें नियमित करने के लिए सरकार  शिविर तक आयोजित करती है और एक प्रकार से गैर कानूनी काम पर सरकारी ठप्पा लगाने का ही काम करती है।

इसी प्रकार, उद्योग की भी यही स्थिति है। यदि पर्यावरण की स्वीकृति लेना जनहित में आवश्यक मान कर कानून बनाया गया था तो फिर उद्योग लगाने से पहले इस प्रकार की आवश्यकता की पूर्ति की जानी चाहिए। पर्यावरण को प्रदूषित करने में कार्यपालिका और न्यायपालिका दोनों ही बराबर के दोषी हैं।

वन कटाई का मामला हो, वन क्षेत्र में खनन का मामला हो या नदी के पेटे से बजरी निकालने का मामला हो, केवल नाम मात्र  का जुर्माना लगा कर सरकारें अपने कत्तर्व्य की इतिश्री कर लेती हैं। इन सबको केवल इस आधार पर नियमित कर दिया जाता है कि समय अधिक हो गया है ।

संभागीय आयुक्त के पद पर कार्य करते समय एक प्रकरण ऐसा आया था जिसमें नाले के बीच में अवैध अतिक्रमण करके बहु मंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा था ।  निर्माण प्रारंभ होते ही इसे जयपुर विकास प्राधिकरण के ध्यान में लाया गया था किंतु उस पर समय रहते कोई कार्रवाई न करने के कारण  इस भवन का ढांचा खड़ा गया। इसे अंततः न्यायालय के आदेशानुसार विस्फोटकों का उपयोग करके ध्वस्त करना पड़ा था। यदि समय पर नियमों की पालना करके रोक दिया जाता, तो इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती ।

यह एक सर्व ज्ञात तथ्य है कि दिवाली  के समय जिन दुकानों पर पटाखे बेचे जाते हैं उनमें अधिकांश द्वारा कोई लाइसेंस नहीं लिया जाता है । कानून के अनुसार बिना लाइसेंस के कोई भी पटाखों का विक्रय नहीं कर सकता है।जब तक कोई दुर्घटना  नहीं होती, यह चलता रहता है। जब कोई हादसा हो जाता है तो फिर इसकी जांच होती है कि बिना लाइसेंस की दुकान कैसे चल रही थीं? शायद प्रशासन यह मानकर चल रहा था कि एक बार दुकान  शुरू हो जाए तो बाद में हम उनका लाइसेंस दे देंगे । स्पष्ट है, चलती दुकान का लाइसेंस लेने के लिए वह ''सुविधा शुल्क'' देने को बाध्य हो जाता है।

वाहनों के फिटनेस का भी यही हाल है। पहले तो अनफिट वाहनों को सड़कों पर चलने से नहीं रोका जाएगा और जब बहुत समय तक चलते रहेंगे तो बाद में फिटनेस बनाया जाएगा। बिना फिटनेस के वाहन चल ही कैसे सकता है, इसका कोई उत्तर विभाग द्वारा नहीं दिया जाता। ऐसा करने से कानून बनाने का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। अधिकांश ऐसे वाहन प्रभावशाली जन प्रतिनिधियों अथवा अधिकारियों के ही होते हैं।

हमारे देश में कानून तो शायद दुनिया में सबसे अधिक हैं, किंतु साथ ही यह भी सत्य है कि इनकी पालना लगभग नगण्य है । जो व्यक्ति समर्थ है, वह कानून को धत्ता बताते हुए सारे गैर कानूनी कार्य कर लेता है और फिर अपने प्रभाव से उन सबको नियमित भी करा लेता है।

जो व्यक्ति कानून के अनुसार पूर्व अनुमति लेकर कोई कार्य करना चाहता है तो वह अनिश्चित काल तक प्रतीक्षा करता रह जाता है और दुनिया की नजरों में 'मूर्ख' ही सिद्ध होता है, जबकि कानून तोड़ने वाला होशियार कहलाता है। ऐसे व्यक्तियों को प्रशासन भी प्रत्यक्ष/ अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित करता है।

अंत में निष्कर्ष रूप में हम यही कह सकते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय का कार्योत्तर स्वीकृति का निर्णय एक प्रतिगामी कदम है और विशेष रूप से पर्यावरण एवं जनहित की दृष्टि से उपयुक्त नहीं कहा जा सकता। आशा है, शीघ्र ही इसकी समीक्षा होगी और इस निर्णय में आवश्यक संशोधन किया जाएगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# मत्स्य उत्सव : मेहंदी, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाया हुनर

## बाबा भर्तृहरि पैनोरमा पर ही बाबा भर्तृहरि की जीवनी पर नाटिका का भव्य मंचन हुआ



चार दिवसीय मत्स्य उत्सव में मेंहदी, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगितायें आयोजित हुई।

- **मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता में पारम्परिक रंगों का दिखा समायोजन, बाबा भर्तृहरि नाटक रहा मुख्य आकर्षण का केंद्र**

**अलवर, (निसं)।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय मत्स्य उत्सव के दूसरे दिन राजा भर्तृहरि पैनोरमा परिसर में मेंहदी, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता एवं श्री भर्तृहरि नाटक का आयोजन हुआ।

मत्स्य उत्सव के अवसर पर भर्तृहरि पैनोरमा परिसर में राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की मेहन्दी, रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट अलवर के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक, कक्षा 9 से 12 तक एवं कॉलेज स्तर पर मेहन्दी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की मेहन्दी प्रतियोगिता में योगिता शर्मा प्रथम, अनुष्का द्वितीय व सुहानी सोनी तृतीय स्थान पर रही, कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों की मेहन्दी प्रतियोगिता में चंचल शाह प्रथम, विधि सांकला द्वितीय व एंजल विजय तृतीय स्थान पर रही तथा कॉलेज स्तर पर पिंकी जाटव प्रथम, मुस्कान द्वितीय व प्रियांशी तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों में लाक्षी प्रथम, कनिष्का द्वितीय व आयुषी सालवान तृतीय स्थान पर रही तथा कॉलेज स्तर पर देवांश जांगिड़ प्रथम, पूजा मीणा द्वितीय व दिप्ती रानी तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**बाबा भर्तृहरि के जीवनी पर नाटिका का हुआ मंचन :-** मत्स्य उत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में बाबा भर्तृहरि पैनोरमा पर ही बाबा भर्तृहरि की जीवनी पर नाटिका का भव्य मंचन हुआ, जिसमें राजऋषि अभय समाज से जुड़े कलाकारों द्वारा बाबा भर्तृहरि की जीवन वृतांत को आकर्षक स्वरूप में प्रस्तुत किया, जिसे स्कूली बच्चों सहित आमजन ने पूरी तनम्यता से नाटक का लुत्फ उठाया।

**मत्स्य उत्सव के तीसरे दिन होंगे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित :-**25 नवंबर को प्रात: सात बजे से पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में योगा एवं मेडिटेशन का आयोजन होगा, दोपहर 2 बजे से सागर जलाशय पर हैण्डीक्राफट एवं फूड मेला का आयोजन होगा, जिसमें वुडन क्राफ्ट, सांझी कला, हैण्डी क्राफ्ट, पोटरी एवं टेरीकोटा का प्रदर्शन किया जाएगा तथा अलवर की पहचान मिल्क केक सहित पारम्परिक फूड स्टॉल्स भी लगाई जाएगी। इसी प्रकार सांय 4 बजे से होप सर्कस से सागर तक सांस्कृतिक रंगों से सराबोर शोभा यात्रा निकाली जाएगी तथा सांय 7.30 बजे से मूसी महारानी की छतरी पर राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी जिसमें विशेष झलक पद्मश्री गुलाबो द्वारा प्रस्तुत कालबेलिया नृत्य, जो मत्स्य उत्सव की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय मंच पर और भी भव्यता प्रदान करेगा। साथ ही अतुल्य अलवर के इस महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को भी मंच दिया जाएगा, ताकि वे अपनी कला को बड़े स्तर पर प्रस्तुत कर सकें।

इस दौरानएडीएम शहर बीना महावर, राजस्व अपील अधिकारी संजू शर्मा, पं. धर्मवीर शर्मा, हरिशंकर गोयल, पर्यटन विभाग की उप निदेशक टीना यादव, अनुरिता झा एवं हर्षिता सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी एवं आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सुशील नागर एवं प्रेम प्रकाश शर्मा ने किया।

# मांगलियावास के लिए एक्सप्रेस रोडवेज बस स्टैंड घोषित करने की मांग

- **रोडवेज बसों का स्टैंड घोषित होने से लोगों को रात के समय आवागमन में होने वाली गंभीर परेशानी से राहत मिल सकेगी**

**अजमेर/ मांगलियावास, (कासं)।** मांगलियावास सहित आसपास के लगभग 15 गांवों के ग्रामीणों ने अजमेर संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि मांगलियावास में एक्सप्रेस रोडवेज बसों का स्टैंड घोषित किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को रात के समय आवागमन में होने वाली गंभीर परेशानी से राहत मिल सके।

ग्रामीणों ने बताया कि मांगलियावास ब्यावर और अजमेर के बीच स्थित है तथा अजमेर से लगभग 28 किलोमीटर दूर है। रात के समय अजमेर से मांगलियावास आने-जाने के लिए कोई परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं रहती। शाम 7:30 बजे के बाद अजमेर और ब्यावर से न तो रोडवेज की बस मिलती है और न ही स्थानीय बस, इस कारण ग्रामीणों को मजबूरन रात गुजारनी पड़ती है या महंगे किराये पर अन्य साधन लेने पड़ते हैं। ज्ञापन में बताया गया कि सुबह 6:30 बजे के बाद ही स्थानीय बसें चालू होती हैं, जिसके कारण रात की आपात स्थिति में मरीजों, छात्रों, कर्मचारियों और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पंचायत समिति सदस्य, उपसरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों ने बताया कि मांगलियावास होकर अजमेर, ब्यावर, जयपुर, जोधपुर व अन्य शहरों के लिए बसों का आवागमन होता है। बसें मांगलियावास से होकर गुजरती तो हैं, लेकिन यहां रुकती नहीं है, जिससे ग्रामीणों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त सफर झेलना पड़ता है।

ग्रामीणों ने राजस्थान रोडवेज प्रशासन से मांग की है कि मांगलियावास को एक्सप्रेस रोडवेज बसों का स्टैंड घोषित किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को रात-दिन सुविधाजनक परिवहन सेवा मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में कृष्णा देवी गुर्जर (पंचायत समिति सदस्य), रामदेव जाट (प्रमुख समाजसेवी), हरिशंकर रेजर सहित स्थानीय ग्रामीण शामिल थे।

# नसीराबाद राजकीय चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन चार साल से बंद

## स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी मशीन बंद होने का सीधा फायदा निजी केंद्रों को मिल रहा है, जनता की जेब कट रही है




नसीराबाद का राजकीय समान्य चिकित्सालय।

- **आज दिन तक इसका एक भी ऑपरेटर नियुक्त नहीं किया गया है**
- **नतीजा यह कि प्रतिदिन कई मरीज मजबूरी में निजी केंद्रों पर महंगी जांच कराने को विवश हैं**

**नसीराबाद, (निसं)।** राजकीय समान्य चिकित्सालय नसीराबाद में स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर तस्वीर सामने आई है। अस्पताल में करीब चार वर्षों से सोनोग्राफी मशीन जंग और धूल खाती पड़ी है, मगर हैरानी की बात है कि आज दिन तक इसका एक भी ऑपरेटर नियुक्त नहीं किया गया। नतीजा यह कि प्रतिदिन कई मरीज मजबूरी में निजी केंद्रों पर महंगी जांच कराने को विवश हैं।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मशीन अस्पताल में लंबे समय पहले उपलब्ध करा दी गई थी, लेकिन प्रशासनिक सुस्ती और गैर ज़िम्मेदारी के चलते अब तक मशीन बंद पड़ी है। हर साल अधिकारियों से 'जल्द दिशा-निर्देश' और 'प्रक्रिया जारी है' जैसे बयान मिलते हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। इधर, निजी सोनोग्राफी केंद्रों पर जांच के लिए मनमाने शुल्क वसूले जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी मशीन बंद होने का सीधा फायदा निजी केंद्रों को मिल रहा है। जनता की जेब कट रही है और अस्पताल में सुविधा होते हुए भी लोग दर-दर भटक रहे हैं। गर्भवती महिलाओं, दुर्घटना पीड़ितों और गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। जहाँ सरकार मुफ्त या सस्ती जांच की बात करती है, वहीं नसीराबाद में सरकारी मशीन बंद होने के कारण मरीजों को गैर जरूरी आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि चार साल में भी एक ऑपरेटर नियुक्त न कर पाना किसी भी व्यवस्था की सबसे बड़ी विफलता है। जनता तक सुविधा पहुँचाने की बजाय फाइलें ही घूम रही हैं। शहरवासियों ने जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग से तुरंत हस्तक्षेप कर मशीन को चालू कराने और ऑपरेटर की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि मरीजों को राहत मिल सके और निजी केंद्रों की मनमानी पर रोक लगे।

## श्रीगंगानगर में फसलों पर जमी बर्फ

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** हिमालय की ओर से आने वाली उत्तरी हवाओं ने श्रीगंगानगर जिले में ठंड बढ़ा दी है। नमी का प्रभाव बढ़ने के साथ ही ठंड का प्रभाव भी बढ़ना शुरू हो गया है। ग्रामीण इलाकों में सुबह फसलों पर ओस की बूंदें और कोहरा देखा गया। ज्वार की फसल पर हल्की बर्फ भी जमी हुई दिखाई दी। साथ ही धुंध भी छाई रही। जिले में ठंडी हवाओं के साथ सर्दी का कहर जारी है। कृषि अनुसंधान केंद्र श्रीगंगानगर पर आज सुबह का न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री रिकार्ड किया गया। रविवार को यहां न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री व अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं शनिवार को यहां न्यूनतम तापमान 12 डिग्री व अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री रिकार्ड किया गया था। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले तीन-चार दिनों में एक से दो डिग्री तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई है। श्रीगंगानगर में सोमवार सुबह भी कड़ाके की ठंड का प्रभाव रहा। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इन दिनों मौसम रबी की फसलों के लिए अनुकूल बना हुआ है। आगामी दिनों में सर्दी का प्रभाव और बढ़ने की संभावना है। फसलों के लिए भी ठंड फायदेमंद है। फसलों में सिंचाई पानी की मांग कम होने के साथ ही बढ़वार भी अच्छी होगी।

## राशिफल मंगलवार 25 नवम्बर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 11:58 तक, गंड योग दिन 12:50 तक, बव करण बदन 10:10 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मकर, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज कुमार योग और रवियोग दिन 11:58 से आरम्भ होंगे। आज श्री रामजानकी विवाह, नाग पंचमी (द.बंगाल) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:36 से 10:55 तक, लाभ-अमृत 10:55 से 1:33 तक, शुभ 2:51 से 4:10 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:58, सूर्यास्त 5:29 तक

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।  परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**कुंभ**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य योजना बनेगी। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

## सार-समाचार

### गिव अप अभियान 31 दिसम्बर तक

**जालोर**, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों की ओर से स्वेच्छा से नाम पृथक करवाने के लिए गिव अप अभियान 31 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला रसद अधिकारी जालोर आलोक झरवाल ने खाद्य एवं नागरिक विभाग की ओर से चलाए जा रहे गिव अप अभियान के अंतर्गत जिले के प्रवर्तन अधिकारी व निरीक्षकों तथा उचित मूल्य दुकानदारों को अपने-अपने क्षेत्र के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में जुड़े अपात्र लाभार्थियों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से हटने के लिए प्रेरित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी अपात्र लाभार्थी इस अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना से स्वेच्छा से हटने से वंचित न रहें। उन्होंने समस्त उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देशित किया कि यदि उनके ओर से इस संबंध में कार्यवाही स्थिति शून्य पाई गई तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। पात्र और वंचित लोग ही खाद्य सुरक्षा से जुड़े, यह सुनिश्चित करना प्रवर्तन एजेंसी का दायित्व है। एजेंसी पात्रता का सत्यापन जांच डोर-टू-डोर करने के साथ नए जुड़े लाभार्थियों की पात्रता की नियमित मॉनिटरिंग करेंगी। दुकानदार अपात्र लोगों की सूची बनाकर सार्वजनिक स्थानों, स्थानीय पंचायत समितियों, नगर पालिकाओं, कलेक्ट्रेट, ररसद कार्यालय में चस्पा की जाएगी, उन्हें नोटिस दिए जाएंगे और गेहूँ वसूली की विधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी। अपात्रों को चिन्हित करने की प्रक्रिया निरन्तर जारी है। 31 दिसम्बर तक स्वेच्छा से गिव-अप ही करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 1 जनवरी, 2026 से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेहूँ की दर से वसूली की जायेगी साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। गिव अप अभियान में जिले के अब तक 11377 राशनकार्ड धारकों द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी गई है।

### अमरापुरा के लोगों ने जताया विरोध

**रेवदर**, (निसं)। पंचायती राज पुनर्गठन की अधिसूचना में रायपुर ग्राम पंचायत के अमरापुरा गांव को नवीन ग्राम पंचायत जालमपुरा में शामिल करने के विरोध में ग्रामीणों ने सोमवार को उपखण्ड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर फिर से रायपुर पंचायत में शामिल करने की माँग की है। विधायक मोतीराम कोली भी ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन में जुटे। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि अमरापुरा गांव रायपुर सरहद पर आया हुआ काफी पिछडा गांव है, यहाँ ज्यादातर गरीब अनुसूचित जाति-जनजाति के लोग निवास करते हैं। पहले यह रायपुर ग्राम पंचायत का हिस्सा था, जो मात्र 2 किलोमीटर दूर है। नई अधिसूचना के तहत इसे जालमपुरा ग्राम पंचायत में शामिल किया गया है, जिसकी दूरी अमरापुरा से 7-8 किलोमीटर है। ग्रामीणों ने बताया कि जालमपुरा में शामिल करने के प्रस्ताव का पूर्व में भी विरोध किया गया था। इस संबंध में गत 3 मार्च को उप तहसीलदार मंडार, 21 अप्रेल को उपखंड अधिकारी रेवदर और 25 अप्रेल को जिला कलेक्टर सिरोही को आपत्ति दर्ज कराई गई थी। आपत्ति के बाद नए नोटिफिकेशन में जिला कलेक्टर ने अमरापुरा को रायपुर में जोडा था, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल था। लेकिन आपत्ति के बावजूद, 21 नवंबर को जारी अधिसूचना में अमरापुरा को जालमपुरा ग्राम पंचायत में पुनः शामिल कर लिया गया है, जो कि ग्रामीणों की भावना के साथ गलत व्यवहार है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया है कि वे किसी भी हालत में जालमपुरा ग्राम पंचायत में शामिल नहीं होंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें रायपुर ग्राम पंचायत में वापस शामिल नहीं किया गया, तो वे आगामी चुनावों का बहिष्कार करेंगे और आंदोलन जारी रखेंगे।

### कच्छ सरगरा समाज का समारोह हुआ

**पाली**, (नि.सं.)। रविवार के दिन गांधीधाम कच्छ शहर के खेतरपाल दादा मंदिर भारत नगर में कच्छ क्षत्रिय सरगरा समाज की तरफ से द्वितीय शिक्षा प्रतिभावान सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम को कालिदास परिहार, भोमाराम परिहार, मनोज परमार, विनोद एन चौहान, निरंजन कुमार भूरेशा, शंकरलाल परिहार, हरिराम परिहार, प्रशांत परिहार, विनोद एम चौहान और पूरी कमिटी ने ऑर्गनाइज़ किया। इसमें गांधीधाम क्षत्रिय सरगरा समाज नारी शक्ति का भी पूरा सपोर्ट मिला। जिसमें समाज के बुज़ुर्ग, युवा, महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इसमें युवाओं को एजुकेशन के क्षेत्र में अच्छा परफॉर्मेंस पर उनके करियर के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अच्छी सर्विस एवं स्पोट्र्स अच्छा परफॉर्म्स करने वाले समाज रत्नों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जामनगर से रिदमस फाउंडेशन की टीम ने अश्वमेध यज्ञ को प्रमोट करने के लिए इस प्रोग्राम में अपनी प्रस्तुति दर्ज कराई। टीम के मेंबर राज सगर, राजूभाई भानुशाली, कृष्णाबेन अहीर, काजलबेन भानुशाली, कानाभाई, निमेशभाई आदि मेहमानों का समाज की तरफ से सम्मान के साथ स्वागत किया गया। समाज के बुजुर्गों का भी सम्मान के साथ स्वागत किया गया। पूरा प्रोग्राम शांति और खुशी के साथ पूर्ण हुआ। इस प्रोग्राम का स्टेज भरतसिंह परिहार ने संचालित किया।

### चामुंडेरी, नेतरा व बिलावास आएंगे सीएम

**पाली**, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा कार्यक्रम के तहत 25 नवम्बर को चामुण्डेरी, नेतरा एवं बिलावास दौरे पर रहेंगे। निर्धारित यात्रा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को प्रातः 10.25 बजे उदयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे चामुण्डेरी राणावतान हैलीपेड पहुंचेंगे तथा 11 बजे बाली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास के अंतर्गत सोनी सीता देवी पत्नी श्री उम्मेदमल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चामुण्डेरी राणावतान का लोकार्पण करेंगे। वे दोपहर 12.10 बजे चामुण्डेरी राणावतान हैलीपेड से रवाना होकर 12.20 बजे नेतरा हैलीपेड पहुंचेंगे वे यहां श्री मीरा माधव सरकार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्री आशापुरा गौशाला कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे दोपहर 1.40 बजे हैलीपेड नेतरा से प्रस्थान कर दोपहर 2.15 बजे श्री बिलावास गौशाला पहुंचेंगे वे यहां श्री कृष्ण भगवान एवं देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होंगे। वे दोपहर 3.25 बजे बिलावास हैलीपेड से जोधपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### हादसों में तीन जनों की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर कमिश्नरेट में हुए अलग अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव परिजन को सौंपे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर शहर के मंडोर थाना पुलिस ने मामले को लंकर बताया कि आंगणवा स्थित गुरूकृपा मानसिक विमंदित गृह में भोपालगढ़ के दौलाराम पुत्र पुखराज को भर्ती करा रखा था। उसकी यहां पर अचानक से तबीयत बिगडने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। विमंदित गृह के प्रकाश कुमार की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। दूसरी तरफ चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस के अनुसार नागौर जिले के सथानाकलां निवासी 40 साल का बुधराज सैन यहां ऑटो चलाता था। उसकी 22 नवंबर को अचानक से टैक्सी चलाते तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल लाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। उसके भाई घनश्याम पुत्र पुखराज सैन की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया गया। वहीं बोरानाडा पुलिस के अनुसार आरती नगर, अशोक वाटिका के पास रहने वाले किशोर पुत्र बुधाराम बारूपाल ने मर्ग में रिपोर्ट दी कि उसका भाई 30 वर्षीय भाण्डूकलां गांव में कृषि कार्य करता था। उसने भूल से 19 नवंबर को कीटनाशक का सेवन कर लिया था, जिस पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उसकी मौत हो गई।

### हाथला में वॉटरशेड महोत्सव कल

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग द्वारा देशभर में आयोजित किए जा रहे वॉटरशेड महोत्सव के तहत ब्लॉक फागलिया की ग्राम पंचायत हाथला में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव 4 नवंबर 2025 से 16 दिसंबर 2025 तक विभिन्न वाटरशेड क्षेत्रों में क्रमवार रूप से आयोजित किया जा रहा है। जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, बाड़मेर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, उपखण्ड अधिकारी सेड़वा बद्रीनारायण विश्नोई तथा समाजसेवी अनंतराम विश्नोई उपस्थित रहेंगे। कनिष्ठ अभियंता प्रताप देवासी ने बताया कि महोत्सव के दौरान कलश यात्रा, जल संरचनाओं का भूमि पूजन एवं लोकार्पण, श्रमदान, पौधारोपण कार्यक्रम सहित रंगोली मेकिंग और सोशल मीडिया प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वॉटरशेड महोत्सव का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाना और जलग्रहण क्षेत्र के विकास में समुदाय की सहभागिता बढ़ाना है।

# एसआईआर कार्य के लिए धोरों में रहे लोगों तक पहुंचने के ऊंट का सहारा



राजस्थान के दुर्गम इलाका बाड़मेर जिले में एसआईआर कार्य को लेकर कार्मिक ऊंटों का सहारा लेकर लोगों तक पहुंच रहे हैं। फोटो-राष्ट्रदूत

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिला राजस्थान का वह दुर्गम इलाका है, जहां छितराई हुई आबादी है। लोग ढाणियों में दूर-दूर रहते हैं। एक बूथ के मतदाता कई किलोमीटर तक में फैले हुए हैं। जब भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर कार्यक्रम शुरू किया, तो प्रशासन के लिए इसको समय पर निष्पादित करना चुनौती थी। इसलिए यहां निर्वाचन की टीम ने विशेष रणनीति बनाई, जिसके तहत समय से उनके घर तक पहुंच कर गणना प्रपत्र पहुंचाया जा सके और उसे वापस लेकर डिजिटिलाइज्ड किया जा सके। धोरों में रहे रहे लोगों तक पहुंचने के ऊंटों का सहारा लिया गया।

उदाहरण के तौर पर भारत-पाक बॉर्डर का सीमांत गांव बावरवाला में एसडीएम सेड़वा बद्रीनारायण विश्नोई और उनकी टीम ने 2 किमी रेत के टीबे पर टीम के साथ पैदल चल कर कोली, भील और देवासी जातियों के मतदाताओं के अन्यत्र निवास होने का उनके घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन किया। सीमांत क्षेत्र के नागरिकों और मतदाताओं से बीएलओ को गणना प्रपत्र भरवाने में सहयोग करने और उनको दो रंगीन फोटो, एपिक, आधार और मोबाइल नंबर की सही जानकारी उपलब्ध करवाने की अपील की। इसके साथ ही चौहटन और शिव के क्षेत्रों के दूरस्थ इलाकों में भी बीएलओ ने गांव में ही कैम्प किया। यहां एक ढाणी से दूसरी ढाणी की दूरी 5 से 7 किलीमीटर तक सामान्य है। इसके लिए बीएलओ यहां के स्थानीय परिवहन का भी उपयोग कर रहे हैं। यहां तक वो मतदाताओं के घर पर ही खाना खाकर सो जाते हैं फिर दूसरे दिन दूसरे स्थान पर जाते हैं। इसके साथ ही एक चुनौती इंटरनेट कनेक्टिविटी की भी आई, इसके लिए उन्होंने ऐसे प्वाइंट खोजे जहां से इंटरनेट सुगमता से मिल सके, ताकि फॉर्म को डिजिटिलाइज्ड किया जा सके। लेकिन इन दुर्गम परिस्थितियों में भी बीएलओ का हौसला कम नहीं हो रहा है और इस कार्य को करने में अपनी पूरी क्षमता से लगे हुए हैं, जिसका परिणाम है कि बाड़मेर जिला एसआईआर के कार्य में अग्रणी बना हुआ है।

वहीं भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर चलाए जा रहे एसआईआर 2026 कार्यक्रम से मतदाता शुद्धिकरण का कार्य तो हो रहा है, साथ ही इससे एक बड़ा सामाजिक बदलाव भी देखने को मिल रहा है।

बाड़मेर जैसे क्षेत्र में जहां अधिकतर लोग बिजनेस और नौकरी के लिए दूसरे राज्यों का रूख ज्यादा करते हैं। यहां की बहुत अधिक आबादी गुजरात और दक्षिण भारत के राज्यों में रहती है। जब एसआईआर चला, तो उन्हें 2002 की मतदाता सूची की जरूरत पड़ी। अब उन्हें अपने पुराने रिश्तेदारों से सम्पर्क करना पड़ रहा है। कुछ तो ऐसे हैं, जिनके दादा-दानी, नाना-नानी गांवों में रहते हैं, लेकिन उनके पोते-पोतियां शहरों में रहे और कभी गांव नहीं आए। इस एसआईआर की वजह से वह तीसरी पीढ़ी अब दादा-दादी के पास गांव आ रही है। इसके अलावा कुछ लोग नम्बर लेकर अपने रिश्तेदारों और पड़ोसियों को एसआईआर फॉर्म के लिए फोन कर रहे हैं। बाड़मेर जिले के सेड़वा, शिव, चौहटन, गुढामलानी क्षेत्रों में लोग अपनी जड़ों को तलाशते हुए अपने गांव पहुंच रहे हैं। जो लोग शहरों में शिफ्ट हो गए, वो भी एसआईआर अपडेशन के लिए अपनी ढाणी और पुराने घरों तक पहुंच रहे हैं। यहां बड़ा ही भावुक माहौल बना हुआ है।

लोग उन पुराने पड़ोसियों से भी बात कर रहे हैं, जिनसे बात किए हुए वर्षों से बीत गए। अब वो उनके नंबर तलाश कर उनसे आठाह कर रहे हैं कि बीएलओ अगर हमारा फॉर्म देकर जाए, तो उसे रख लेना। कभी बचपन में साथ पढ़े सहपाठियों से अर्से बाद बात हो रही है। लोग कह रहे हैं निर्वाचन आयोग के इस अभियान से मतदाता सूची तो शुद्ध हो ही रही है हमारी रिश्तों पर पड़ी धूल भी साफ हुई है।

रेगिस्तान के गांव में जंग खा चुके ताले दोबारा खुल रहे हैं। रिश्तों में एक नई बयार आ रही है और लोग अपनी जड़ों को पहचानने गांव आ रहे हैं।

### संजय कोली ने पदभार संभाला

**रेवदर**, (निसं)। मंडार नगरपालिका में नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी संजय कुमार कोली ने सोमवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण के दौरान नगरपालिका कार्यालय परिसर में स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने उनका साफा बांधकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। लोगों ने नई जिम्मेदारी के लिए कोली को शुभकामनाएं दीं और नगर के विकास को लेकर अपनी अपेक्षाएं भी साझा की। पदभार ग्रहण करने के बाद अधिशासी अधिकारी संजय कुमार कोली ने कहा कि मंडार नगरपालिका क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने, पेयजल आपूर्ति में सुधार, सडक मरम्मत, स्ट्रीटलाइट दुरुस्ती और जनसुविधाओं के विस्तार जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि नगरपालिका की सभी योजनाओं को पारदर्शिता और गति देने के लिए वे टीमवर्क को बढावा देंगे।

कोली ने आश्वासन दिया कि नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाएगा और कार्यालय में आमजन के लिए सुगमता और सरलता बढाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने नगरपालिका कर्मियों से भी समन्वय कर बेहतर प्रशासनिक माहौल तैयार करने का आव्हान किया।

गोविंद घांची, शकुर भाटी, मुकेश प्रजापति सहित नगरपालिका के कई कर्मचारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। लोगों ने उम्मीद जताई कि अब मंडार में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी।

# परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें : डॉ. गावंडे



जालोर के कलैक्ट्रेट में साप्ताहिक बैठक जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने ली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलैक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी औसत समय में कमी लाते हुए परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान आने वाले नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें।

इस अवसर पर मुख्य आयोजना अधिकारी महेश चावला, वन विभाग के एसीएफ भंवरसिंह सोढ़ा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी, नगर परिषद जालोर के आयुक्त दिलीप माथुर सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

### मंत्री कुमावत ने सड़क कार्य का निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने पोमावा पुलिया से स्वामी विवेकानन्द विद्यालय तक बनने वाले निर्माणाधीन सडक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्वक कार्य करवाने के निर्देश दिये।

स्वामी विवेकानन्द मॉडर्न स्कूल पर जाने वाले छात्रों, छात्राओं, किसानों और अन्य राहगीरों के अपने गन्तव्य स्थान पर जाने के लिये इस रास्ते का उपयोग करते थे। पिछले कुछ वर्षो पूर्व बिपरजॉय तूफान आने से सडक क्षतिग्रस्त हुई थी जिससे आमजनों के लिये काफी दुविधाठास्त हो गया था। उक्त 1.5 किमी (लागत 2.75 करोड रूपये)सडक की स्वीकृति 2024 में बिपरजॉय तूफान से क्षितठास्त सडकों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार योजना में हुई थी, जिसके टेण्डर और वर्क ऑर्डर जारी होने के उपरान्त उक्त सडक का निर्माण कार्य शुरू किया गया था।

मंत्री कुमावत ने सार्वजनिक निर्माण विभाग बाली के अधिशाषी अभियन्ता सवाई सिंह राठौड को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

# माइनर एक्ट अभियान में कई जुआरियों को पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस ने माइनर एक्ट में कार्रवाई का अभियान चलाया। कई स्थानों पर जुआ खेल रहे एक दर्जन से ज्यादा लोगों को पकड़ा और जुआ अधिनियम में केस दर्ज किया।

कुड़ी भगतासनी थाने के एएसआई रामचन्द्र ने सेक्टर 3 कुड़ी भगतासनी हाऊसिंग बोर्ड क्षेत्र में जुआ खेल रहे मदन चौधरी पुत्र मांगीलाल चौधरी, अजय सिंह पुत्र मोहन सिंह, दिनेश पुत्र शंभूलाल सोनी को गिरफ्तार कर दांव पर लगी 19170 रूपये की राशि जब्त की। इसी तरह शास्त्री नगर थाने के एसआई शैतान चौधरी ने मिल्क मैन कॉलोनी क्षेत्र में गुब्बाखाई कर रहे अशोक आचार्य पुत्र राणाराम आचार्य को गिरफ्तार किया और 1070 रूपये की राशि जब्त की। प्रतापनगर सदर थाने के एसआई देवाराम ने श्मशान रोड ढब्बू बस्ती क्षेत्र में गुब्बाखाई कर रहे मो. खालिद पुत्र अब्दुल हमीद को गिरफ्तार कर 1050 रूपए, महामंदिर थाने के एसआई मनीराम ने भदवासिया पुल के नीचे गुब्बाखाई कर रहे बद्री सिंह पुत्र सरदार सिंह को पकड़ा और 730 रूपए बरामद किए।

नागौरी गेट थाने के एएसआई परमेश्वरलाल ने जीवनदास का कुआ क्षेत्र में अनिल पुत्र सोहनलाल को गिरफ्तार कर 410 रूपये की राशि और पर्चियां जब्त की। इधर विवेक विहार थाने के एएसआई शंकरलाल ने ओ सेक्टर के कार्नर के पास गुब्बाखाई कर रहे उमेशचन्द्र पुत्र रायमल मेघवाल से 390 रूपए जब्त किए।

प्रतापनगर थाने के हैड कांस्टेबल धन्नेसिंह ने गुजराती कॉलोनी में गुब्बाखाई कर रहे मो. आदिल पुत्र आमीन, देवनगर थाने के एएसआई पेमाराम ने गांधी मूर्ति नट बस्ती क्षेत्र में प्रवीण पुत्र अमरलाल नट, सदर कोतवाली थाने के एएसआई चैनसिंह ने घंटाघर कबाड़ खाना से इकबाल पुत्र कम्मू खान को गिरफ्तार किया। जबकि बासनी थाने के एएसआई पप्पाराम बारूपाल ने सांगरिया रेलवे फाटक के पास हिमांशु पुत्र पुखराज और बासनी बिजली घर के पास गुब्बाखाई कर रहे हेमन्त पुत्र किशनलाल राजपुरोहित को पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम में केस बनाए गए।


**कार्यालय नगर पालिका पीपाड़ शहर (जोधपुर) राज.**

Tel.- (02930) 233036 e-mail:municipality.pipar@gmail.com

क्रमांक : न.पा.पी./2025-26/7336 दिनांक 21.11.2025

**-: आपत्ति सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय मे निम्न आवेदनकर्ताओ ने मॉडल राजस्थान नगर पालिका पीपाड़ शहर भवन विनियम 2020 के तहत भवन निर्माण अनुमति हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उज्र एतराज हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस मे अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजो सहित पालिका मे कार्यालय समय के दौरान प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद गुजरने पर उज्र एतराज पर कोई विचार नही किया जायेगा। सूचित रहे। आवेदित भूमि के नाप एंव पड़ौस निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | निर्माण स्थान | क्षेत्रफल वर्गमीटर | उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री धनराज पुत्र श्री **बुधाराम** जाति माली निवासी सुभाष कॉलोनी, पीपाड़ शहर | खसरा नं. 2013 | 113.52 | घनश्यामदास का मकान | निकाल रास्ता | रास्ता | पन्नालाल पुत्र बुधाराम का मकान |
| 2 | श्री चेनाराम गहलोत पुत्र श्री भेराराम गहलोत निवासी- मालियों का अथुना बास पीपाड़ शहर | मालियों का अथुना बास पीपाड़ शहर | 232.52 | ताराराम S/O रामरख का मकान | निकाल रास्ता | पपुराम S/O रामरख का मकान | निकाल रास्ता |
| 3 | सोहनलाल पुत्र श्री मिसाराम जाति माली, काबरो की पोल के पास पीपाड़ शहर | काबरो की पोल के पास पीपाड़ शहर | 74.32 | निकाल रास्ता | निकाल रास्ता | निकाल रास्ता | निकाल रास्ता |
| 4 | श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री सोहन लाल जाति माली निवासी काबरो की पोल के पास पीपाड़ शहर | काबरो की पोल के पास पीपाड़ शहर | 74.32 | निकाल रास्ता | निकाल रास्ता | निकाल रास्ता | निकाल रास्ता |

राज.संवाद/सी/25/14456 अधिशाषी अधिकारी


# योजनाओं की दी जानकारी दी

**पाली**, (नि.सं.)। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र के प्रबन्धक प्रियंका व्यास ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह योजना 22 जनवरी,2015 को शुरू की गई थी जिसमें बाल लिंगानुपात में गिरावट की समस्या से निपटा जा सके, लिंग-भेदभाव और कन्या भुर्ण हत्या को कम किया जा सके, साथ ही लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। अन्य योजनाओ यथा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नारी प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत निःशुल्क -, प्रशिक्षण, काली बाई भील शिक्षा सेतु योजना के तहत 10वी और 12वी कक्षा ड्रॉप आउट बालिकाओं को राजस्थान स्टेट ओपन स्कुल के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करना आदि की जानकारी दी और महिलाओं को माहवारी स्वच्छता संबंधित जानकारी दी गयी। सुपरवाइजर पिंकी मीणा ने महिलाओं से सम्बन्धित कानूनों जिसमें महिलाओ का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध व प्रतितोषन) अधिनियम 2013, लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह प्रतिशोध अधिनियम व साईबर अपराध की जानकारी दी।

# अमृत भारत योजना से जैसलमेर रेलवे स्टेशन तैयार

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवनिर्मित जैसलमेर रेलवे स्टेशन अब एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से यात्रियों का स्वागत करने को तैयार है। सोमवार को उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी और प्रधान कार्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) राजीव श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टेशन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की बारीकियों को परखा और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। साथ ही स्टेशन की फिनिशिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया। अधिकारियों ने बताया कि करीब 140 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा यह स्टेशन पर्यटन और सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

नया स्टेशन भवन ( 2) लगभग 8327 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया गया है। भवन के बाहरी हिस्से में जैसलमेर के प्रसिद्ध पीले पत्थर का उपयोग किया गया है, जिससे पारंपरिक स्थापत्य की सुंदर झलक दिखाई देती है। विशाल प्रवेश और निकास द्वार नई इमारत को भव्य रूप प्रदान करते हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया- यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर बड़े पैमाने पर आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं।

इनमें प्रमुख तौर पर 10 लिफ्ट और 10 एस्केलेटर्स, प्लेटफॉर्म को जोड़ने के लिए 6 मीटर चौड़ाई वाले दो नए फुट ओवरब्रिज, तीनों प्लेटफॉर्म पर 10 हजार वर्ग मीटर से अधिक कवर क्षेत्र, विशाल सर्कुलेटिंग व एयर कॉनकोर्स एरिया बनेगा।

अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इसमें 480 वर्ग मीटर वाणिज्यिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुनर्विकास कार्य अगले 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। स्टेशन पर रोजाना 35 हजार से अधिक यात्रियों को सुगम और आरामदायक सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि जैसलमेर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन बहुत जल्द किया जाएगा।


**कार्यालय नगर पालिका सांचौर (राज.)**

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक/न.पा.सां./2025/5070 दिनांक : 20.11.2025

**-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-**

सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि परिषद् परिक्षेत्र मे विलेख, वसीयत, हकत्याग, उत्तराधिकारी, गिफ्टडीड आदि से खरीदसुदा के नामान्तरण/उपविभाजन/संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विस्तृत विवरण नीचे अंकित है। इसमें वर्णित सम्मतियों के नामान्तरण/उपविभाजन/ संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र में किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति मय ठोस दस्तावेज सहित इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 7 दिवस में इस कार्यालय मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के समाप्त के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। तथा सम्पत्ति आवेदनकर्ता के नाम नामान्तरण/उपविभाजन/संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।

| क्र. स. | आवेदनकर्ता का नाम | स्थल जहां सम्पत्ति है | पत्रावली संख्या | पत्रावली का प्रकार | पट्टा संख्या/वर्ष | भूखण्ड संख्या | कुल रकबा (वर्गगज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरजनराम पुत्र श्री धर्माराम सुथार | श्री सुदर्शन नगर सांचौर | 394/2025 | नामान्तरण | 5757/2020 | 137 | 125 |
| 2 | श्रीमती अनीषा बेन पत्नी श्री अनरूददीन | हरिजन कॉलोनी सांचौर | 396/2025 | नामान्तरण | 1597/2023 | - | 166.66 |
| 3 | श्रीमती प्यारी देवी पत्नी श्री गंगारामजी विश्नोई | गणपति टाउनशीप सांचौर | 397/2025 | नामान्तरण | 5166/2019 | 13 | 177.06 |
| 4 | श्रीमती सीता पत्नीश्री कल्पेश पटेल | एस.एम. कृष्ण गोपाल विहार द्वितीय सांचौर | 398/2025 | नामान्तरण | 1005/2024 | 105 | 166.66 |
| 5 | श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री रिडमल देवासी | मणीनगर सेक्टर तृतीय कमालपुरा सांचौर | 399/2025 | नामान्तरण | 7096/22 | 35 | 138.88 |
| 6 | श्रीमती मोहनी देवी पत्नी श्री हरिराम विश्नोई | इन्दिरा कॉलोनी सांचौर | 400/2025 | नामान्तरण | 146/2022 | - | 230.94 |
| 7 | श्रीमती मोहनी देवी पत्नी श्री हरिराम विश्नोई | इन्दिरा कॉलोनी सांचौर | 401/2025 | नामान्तरण | 879/2022 | - | 75.77 |
| 8 | श्रीमती वर्षा पत्नी श्री दीपक कुमार सिन्धी लोहाणा | श्री राम कॉलोनी सांचौर | 402/2025 | नामान्तरण | 955/2022 | - | 84 |
| 9 | श्री मदनसिंह पुत्र श्री हनवंतसिंह चौहान | नेहरू कॉलोनी सांचौर | 403/2025 | नामान्तरण | 74/2021 | - | 174.16 |
| 10 | श्रीमती चंद्र कंवर पत्नी श्री मदनसिंह चौहान | जगत सर्विस के दक्षिण-पश्चिम भाग बडसम रोड कॉर्नर तक सांचौर | 404/2025 | नामान्तरण | 279/1970 | Shop No 15 | 22.55 |
| 11 | श्रीमती मली देवी पत्नी श्री रमेश कुमार भाट | मोजियावास सांचौर | 405/2025 | नामान्तरण | 208/2013 | 595 | 166.66 |
| 12 | श्रीमती सीमा बानू पत्नी श्री मुबारक खान | RTO चैक पोस्ट से आगे सांचौर | 406/2025 | नामान्तरण | 174/2009 | 9 | 138.88 |
| 13 | श्री मुबारक खान पुत्र श्री लाखे खान | हरिजन कॉलोनी सांचौर | 407/2025 | नामान्तरण | 807/2013 | - | 146 |
| 14 | श्री कालूराम पुत्र श्री कानाराम विश्नोई | एन.एच. 68 पर सांचौर | 408/2025 | नामान्तरण | 585/1996 | - | 200 |
| 15 | श्री कालूराम पुत्र श्री कानाराम विश्नोई | एन.एच. 68 पर सांचौर | 409/2025 | नामान्तरण | 586/1996 | - | 106.6 |
| 16 | श्री प्रकाश कुमार पुत्र श्री धनाराम माली | के.पी. टाउनशीप हाडेचा रोड सांचौर | 410/2025 | नामान्तरण | 3699/2017 | 121 | 138.88 |
| 17 | श्री मुंगाराम पुत्र श्री देवाराम कलबी | नेहरू कॉलोनी सांचौर | 411/2025 | उपविभाजन | 1105/2014 | - | 76 |

राज.संवाद/सी/25/14385 अधिशाषी अधिकारी

# हत्या के 15 साल पुराने मामले में एससी एसटी कोर्ट ने 29 लोगों को सजा सुनाई

## आरोपी पक्ष के 14 को उम्रकैद की सजा व दूसरे पक्ष के 15 लोगों को 2-2 साल की जेल

- खेड़ली थाना इलाके के 15 साल पहले पुराने रास्ते को लेकर विवाद में एक जने की हत्या का मामला

**अलवर,** (निसं)। अलवर के खेड़ली थाना इलाके के 15 साल पुराने हत्या के मामले में अलवर की एससी-एसटी कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट की जज अनीता सिंघल ने एक पक्ष के 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि दूसरे पक्ष के 15 लोगों को दो-दो साल के कारावास की सजा सुनाते हुए प्रोविजन का लाभ दिया है।

यह मामला 16 सितंबर 2010 का है, जिसमें घाटा भंवर गांव के परिवादी राजेंद्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के अनुसार गांव के पुराने रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। आरोपियों ने रास्ता जोत दिया और जब गांव वालों ने विरोध करते हुए रास्ते पर पत्थर गाड़े तो आरोपियों ने वे पत्थर भी उखाड़कर फेंक दिए। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और फरसी से हमला कर दिया। इस घटना में कई लोग घायल हुए थे। गंभीर रूप से घायल रामस्वरूप को जयपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में खेड़ली पुलिस ने 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट पेश की थी। ट्रायल के दौरान आरोपियों में से घुड़िया राम और एक अन्य की मृत्यु हो गई, जबकि एक आरोपी हरि अभी भी फरार है। कोर्ट ने पप्पू राम, बबलू, मुकेश, विजय, नरोत्तम, बच्चू राम, लाल राम, प्रकाश, शंभू, रामबाबू, वकील, कुंदन, राधेश्याम और हरिमोहन को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

इसी मामले में क्रॉस मुकदमा हुआ था जिसमें दूसरे पक्ष के 15 लोगों शेव प्रसाद, होती, अमरसिंह, राकेश, बनवारी, काला, रामसिंह, अशोक, रमेश, राजेंद्र, पुटटल, नारायण, कमल, ननगु और सूजन को दो-दो साल की कारावास की सजा सुनाई गई है। हालांकि सभी को कोर्ट ने प्रोविजन का लाभ देते हुए सशर्त राहत प्रदान की है। सरकारी वकील योगेंद्र खटाना ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से 31 गवाहों के बयान पेश किए गए, जिनके आधार पर कोर्ट ने फैसला सुनाया।

# तहसील कार्यालय का कनिष्ठ सहायक रिश्वत लेते गिरफ्तार

- तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता कार्रवाई की भनक लगते ही फरार हो गया

**सवाई माधोपुर/जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सवाई माधोपुर टीम ने कार्रवाई करते हुए तहसील कार्यालय बरनाला जिला सवाई माधोपुर के कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह को साढ़े अठारह हजार रुपये की लेते गिरफ्तार किया गया है। जानकारी में सामने आया कि कार्यालय तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता के कहने पर कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह ने रिश्वत ली। इस मामले में तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता को एसीबी कार्यवाही की भनक लगने से फरार हो गया, जिसकी एसीबी की टीम तलाश कर रही है।



आरोपी कार्यालय सहायक।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी की सवाई माधोपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिता द्वारा जरिये दानपत्र की गयी भूमि की रजिस्ट्री करवाने की एवज में तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता की ओर से कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह के मार्फत से रिश्वत मांग रहा है। वहीं उसके पिताजी के नाम की कृषि भूमि को परिवादी की पत्नी के नाम से भूमि की रजिस्ट्री करवाने की एवज में तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता अपने कार्यालय में पदस्थापित कुलदीप सिंह कनिष्ठ सहायक के मार्फत परिवादी से तहसीलदार व स्वयं लिये 28 हजार 500 रुपये चालान सहित रिश्वत मांगी। रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया गया तो रिश्वत मांग सत्यापन में कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह ने परिवादी से ऑनलाइन चालान सीताराम की ई-मित्र की दुकान पर 10 हजार रुपये करवा दिया एवं शेष राशि 18 हजार नहीं होने पर रजिस्ट्री के दिन लेने पर सहमत हुआ, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी सवाई माधोपुर के ज्ञान सिंह चौधरी ने शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ सहायक को कुलदीप सिंह 18 हजार 500 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है व तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता कार्यवाही की भनक लगने से फरार हो गया।

# ज्वैलर से 38 लाख की लूट के दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर में टेल्को चौराहे के पास राधा ज्वैलर्स में शनिवार को दिनदहाड़े हुई 38 लाख रुपए की बड़ी लूट के दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इधर, सोनी ने कहा कि एसपी व एएसपी ने बदमाशों की जल्दी गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। व्यापार महासंघ के प्रतिनिध प्रमोद विजय ने कहा कि ज्वैलर का माल बरामद नहीं हुआ तो गुरुवार

- अलवर के व्यापारी पैदल मार्च करते हुए मिनी सचिवालय पहुंचे, पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की
- एएसपी कांबेल शरण गोपीनाथ ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे
- व्यापारियों की मांग है कि बदमाशों की माल सहित गिरफ्तारी हो, वरना दो दिन बाद अलवर बंद करेंगे



सैंकड़ों व्यापारी पैदल मार्च करते हुए मिनी सचिवालय पहुंचे।

सोमवार को सैंकड़ों व्यापारी पैदल मार्च करते हुए मिनी सचिवालय पहुंचे। एएसपी कांबेल शरण गोपीनाथ ने आश्वासन दिया कि जल्दी आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। इधर व्यापारियों की मांग है कि बदमाशों की माल सहित गिरफ्तारी हो, वरना 2 दिन बाद अलवर बंद करने की चेतावनी दी है।

जानकारी के अनुसार अलवर शहर में सुबह 10 से 12 बजे सर्राफा बाजार बंद रखा गया। पीड़ित ज्वैलर मोहनलाल को अलवर बंद रहेगा। अलवर बंद भी अनिश्चितकाल तक किया जा सकता है। अलवर में पुलिस सक्रिय नहीं है। केवल हेलमेट व बेल्ट के चालान काटते हैं। बाकी कोई ध्यान नहीं है। ज्वैलरी एसोसिएशन अलवर के अध्यक्ष ज्वैलर दीपक गर्ग ने कहा कि भविष्य में लूट जैसी वारदात नहीं होने की तसल्ली भी चाहिए। अब दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। उसके बाद अलवर बंद किया जाएगा।

गौरतलब है कि शनिवार दोपहर करीब तीन हथियारबंद बदमाश दुकान में घुसे थे। कर्मचारियों को बंदूक की नोक पर बंधक बनाकर सोने-चांदी के जेवर और नकदी भरकर लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद है, लेकिन पुलिस की छह टीमें लगने के बावजूद अभी तक बदमाशों का कोई पता नहीं चला। अग्रवाल धर्मशाला में शहर के सर्राफा व्यापार संघ, स्वर्णकार समाज, संयुक्त व्यापार महासंघ सहित कई व्यापारिक संगठनों की बैठक हुई। व्यापारियों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और माल बरामदगी की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि शहर में दिनदहाड़े व्यापारी और दुकानें निशाने पर हैं, जबकि पुलिस सिर्फ हेलमेट और बेल्ट चेक करने में लगी रहती है। शहर में नाकाबंदी नाम की कोई व्यवस्था नहीं है। बदमाश खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकताएं कर रही हैं।

# विस्फोटक चबाने से गौवंश घायल

**बून्दी,** (निसं)। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के कोर 2 चंबल घड़ियाल अभयारण्य क्षेत्र में शनिवार को हुए धमाके में एक गाय का जबड़ा फट गया। आशंका जताई जा रही है कि विस्फोटक सामग्री वन्यजीवों के शिकार करने के लिए रखी गई थी। घटना केशोरायपाटन रेंज की माखीदा पंचायत के बडाहवली गांव के नजदीकी बीहड़ की बताई जा रही है। सर्दियों की शुरुआत के साथ ही जिले में जंगली सूअर सहित अन्य वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं बढ़ जाती है।

# ट्रेन में चढ़ते समय ट्रैक पर महिला गिरी

**छबड़ा,** (निसं)। रेलवे स्टेशन पर एक वृद्ध महिला चलती मेमू ट्रेन में चढ़ते समय फिसलकर नीचे गिर गई, किंतु समय रहते रेलवे सुरक्षा बल के एक जवान की सूझबूझ से महिला की जान बच गई।

जानकारी के अनुसार बीना से कोटा जाने वाली मेमू ट्रेन छबड़ा स्टेशन पर पहुंची थी। ट्रेन के रवाना होते ही अयोध्या बाई तमोली (65) चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय फिसलकर ट्रैक पर गिर गईं। ड्यूटी पर तैनात जवान शहजाद ने तुरंत महिला को लेट जाने की बात कही। महिला ने जवान की बात मानकर पटरी व प्लेटफार्म के बीच स्थित जगह में लेट गई। इस बीच ट्रेन के तीन से चार डिब्बे गुजर गए। इसके बाद ट्रेन रुकते ही महिला को सकुशल बाहर निकाला गया। इस दौरान महिला के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। स्टेशन कर्मियों ने तुरंत महिला को प्राथमिक उपचार देते हुए पट्टी की।

# 15 हजार का इनामी नशा तस्कर गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (निसं)। यहां सिटी थाना पुलिस में करीब ढाई साल से फरार 15 हजार रुपये के इनामी नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया आरोपी स्वरूप सिंह, बाड़मेर जिले का निवासी है।

थाना के उप निरीक्षक माणकलाल ने देर शाम बताया कि 3 मई 2023 को तत्कालीन एसआई ओम प्रकाश मान ने नाकाबंदी के दौरान 430 ग्राम हेरोइन के साथ तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया था कि वे बाड़मेर क्षेत्र से हेरोइन लेकर आए थे। बाद में अनुसंधान के दौरान पुलिस ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेसी करवा दिया। इन आठ लोगों के पकड़े जाने के बाद पुलिस को आरोपी स्वरूप सिंह पुत्र सुजान सिंह राजपूत, निवासी रोहणी, पुलिस थाना गडरा रोड़, जिला बाड़मेर की तलाश थी। एसआई माणकलाल ने बताया कि लंबे समय से फरार आरोपी पर पुलिस ने 15 हजार का इनाम भी घोषित किया था।


**Rajasthan Council of School Education**
S. Radha Krishnan Shiksha Sankul, 5th Block, 2nd & 3rd Floor, JLN Marg, Jaipur – 17
Ph.: 0141-2700366, 2715590, 2715550, E-Mail: rajssa_acctt@yahoo.co.in; rcse.ict@gmail.com
No. :- (Ref No.) 2066 Dated :- 18/11/2025
**Corrigendum (NIB : 05/2025-26)**
In reference NIB 05/2025-26 dated 06-10-2025 (UBN No. : RSE2526GLOB01594) for Supply, Installation, Testing, Commissioning and operations of ICT Labs in 3213 Govt. Schools. Some clarification/Corrigendum/Addendum regarding bid and other details may be seen at State Public Procurement Portal website **www.sppp.rajasthan.gov.in** or website **"www.rajsmsa.nic.in"** and e-proc portal.
Raj.Samwad/C/25/14458 State Project Director

**कार्यालय नगरपरिषद बहरोड़ जिला-कोटपूतली-बहरोड**
Email id- behror.jaipur@gmail.com Phone no. 01494-220090
क्रमांकः- न.प.ब./निर्माण/2025/3006 दिनांकः-19.11.2025
**ई निविदा सूचना संख्या - 10/2025-26**
नगरपरिषद बहरोड़ की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए सील बंद निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा website www.sppp.raj.nic.in/eproc.rajasthan.gov.in से download कर देखी/प्राप्त की जा सकती हैं। RTPP एक्ट की शर्ते मान्य होंगी एवं अन्य शर्ते कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं।
जिसके Nib Code व UBN Number निम्न प्रकार हैं।
NIB Code-DLB2526A8247
UBN No.- DLB2526SLOB24653
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/14494 नगरपरिषद बहरोड़

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**
क्रमांक : 3045-51 दिनांकः 17/11/2025
**ई-निविदा सूचना संख्याः 07/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला करौली (खण्ड टोडाभीम) में सड़क/भवन कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा से संबंधित समस्त विवरण बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।
NIB Code PWD2526A4355 (के. के. मीना)
UBN No. PWD2526WSOB17070 अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/17113/2025 सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम


# कोटा थर्मल प्लांट में अजगर ने श्रमिक पर हमला किया

- अजगर करीब 10 फीट लंबा और एक क्विंटल के आसपास वजनी था
- श्रमिक के साथियों ने मिलकर उसे अजगर के चंगुल से छुड़ाया

**कोटा,** (निसं)। कोटा सुपर थर्मल प्लांट में बड़ी घटना सामने आई एक अजगर ने यूनिट में काम कर रहे ठेका श्रमिक नंद सिंह के पैर को जकड़ लिया। नंद सिंह की आवाज सुनकर अन्य कर्मचारी भी वहां पर आए, लेकिन अजगर ने उसके पैर को पूरी तरह से जकड़ रखा था। श्रमिक के साथियों ने मिलकर उसे अजगर के चंगुल से छुड़ाया। अजगर की पकड़ से छूटने के बाद नंद सिंह को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद पूरे थर्मल परिसर में हड़कंप मच गया।

कर्मचारी नंद सिंह ने बताया कि वह ठेका फार्म के जरिए थर्मल परिसर में काम करता है। उसकी ड्यूटी यूनिट नंबर 5 में थी। वो 12.30 के आसपास पार्किंग एरिया में था। इसी दौरान वहां पर एक अजगर ने अचानक उस पर हमला कर दिया और पैर को जकड़ लिया। शख्स को अजगर खींचकर झाड़ियां में ले गया। उसने बताया कि मेरी किस्मत ठीक थी कि अन्य कर्मचारी मेरे नजदीक थे और मेरी आवाज सुनकर वे तत्काल पहुंच गए। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए अजगर को मेरे से अलग करने की कोशिश शुरू कर दी फिर मुझे अजगर की जकड़ से छुड़ा लिया अन्यथा मेरी जान जा सकती थी। ठेका श्रमिक सचिन शर्मा का कहना है कि तत्काल अजगर को छुड़ाने की कोशिश की लेकिन उसकी पकड़ और ज्यादा से ज्यादा मजबूत हो रही थी। अजगर के मुंह डंडे से दबा दिया था। ताकि वह नंद सिंह को छोड़ दे। यह अजगर करीब 10 फीट लंबा और एक क्विंटल के आसपास वजनी था।

थर्मल के रिटायर्ड कर्मचारी और यूनियन के सदस्य राम सिंह शेखावत का कहना है कि अधिकारियों के लापरवाही के चलते ही वन्य जीव का खतरा लगातार थर्मल प्लांट में बना रहता है। कभी भालू, पैंथर या अन्य वन्य जीव परिसर में आ जाते हैं। अब अजगर ने ही अटैक कर दिया है। यहां साफ-सफाई की भी व्यवस्था सुचारू नहीं रहती है। कर्मचारी भय के माहौल में काम कर रहे हैं।

# आरएएस भर्ती-2024 : प्रथम चरण के साक्षात्कार पत्र अपलोड

- आयोग द्वारा साक्षात्कार पत्र ऑफलाइन रूप से नहीं भेजे जाएंगे

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएँ संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा-2024 के प्रथम चरण के साक्षात्कार 1 से 12 दिसंबर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। प्रथम चरण में सम्मिलित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग द्वारा साक्षात्कार पत्र ऑफलाइन रूप से नहीं भेजे जाएंगे और न ही ऑफलाइन विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम स्वीकार किए जाएंगे।

साक्षात्कार के समय, उम्मीदवारों को ऑनलाइन भरे गए विस्तृत आवेदन पत्र, अटेस्टेशन फार्म एवं सेवा प्राथमिकता क्रम की दो प्रतियां और संलग्नक दस्तावेजों की एक प्रति स्वहस्ताक्षरित (मूल दस्तावेजों सहित) आयोग में प्रस्तुत करनी होगी। विस्तृत आवेदन पत्र की ऑनलाइन शुल्क 50 रूपए की रसीद संलग्न करना अनिवार्य है। विस्तृत आवेदन पत्र व अटेस्टेशन फॉर्म की 2 प्रतियों में यथास्थान पर फोटो चस्पा करते हुए 3 अतिरिक्त फोटो भी अभ्यर्थियों को साथ लानी होगी।

**दस्तावेजों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश :**-आयोग ने विस्तृत आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी वेबसाइट पर जारी किए हैं। इनकी पालना साक्षात्कार में सम्मिलित अभ्यर्थियों को करनी होगी।

**पदों की संख्या में वृद्धि, शुद्धि पत्र जारी :**- राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कनिष्ठ रसायनज्ञ (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग) भर्ती-2025 अंतर्गत शुद्धि पत्र जारी किया गया है।

आयोग सचिव ने बताया कि कनिष्ठ रसायनज्ञ के 13 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या 2/2025-26 दिनांक 2 अप्रेल 2025 को जारी किया गया था। विभाग द्वारा कनिष्ठ रसायनज्ञ के पदों की संख्या में वृद्धि किये जाने के फलस्वरूप कुल पदों की संख्या 16 हो गई है, जिनके संशोधित वर्गवार वर्गीकरण के संबंध में शुद्धि पत्र संख्या 13/2025-26 जारी किया गया है। अभ्यर्थी इसका अवलोकन आयोग की वेबसाइट पर कर सकते हैं।


राजस्थान सरकार
**कार्यालय निदेशक, पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान, जयपुर**
(दूरभाष नं. 0141-2820360, email-dirarch@rajasthan.gov.in)
क्रमांकः पु.सं./स्मा./तक / चांदपोल गेट पार्किंग/2025/17015 दिनाक-14/11/25
**ई-बिड सूचना**
चांदपोल गेट, आमेर महल परिसर में पार्किंग स्थल के लिए एक वर्ष हेतु पार्किंग ठेका कार्य हेतु अनुभवी फर्मों से ऑनलाईन बिड दो अलग-अलग प्रस्तावों में (तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव के रूप में) आमंत्रित की जाती है। बोली का विवरण http://museumsrajasthan.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
Bid UBN No. (1) AMD2526SLOB00073
DIPR/C/17116/2025 निदेशक

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स.0294-2421255, 2420013, Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट. www-udaipurmc.org
क्रमांक : निविजा/2025-26/ई -30 दिनांक :- 18.11.2025
**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 30/2025-26**
नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु0 66.01 लाख के कुल 03 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 19.11.2025 एवं अंतिम तिथि 28.11.2025 तथा निविदा खुलने की तिथी 01.12.2025 रहेगी निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।
राज.संवाद/सी/25/14414 अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम, उदयपुर


# किसान से मारपीट मामले में छबड़ा विद्युत निगम के जेईएन को निलम्बित किया

- विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने मुख्यमंत्री सहित सीएमडी से मुलाकात कर जेईएन को निलंबित किए जाने की मांग की, निगम ने जेईएन को निलंबित कर दिया
- विद्युत निगम कार्यालय में विद्युत उपकरण लेने गया था किसान, कनिष्ठ अभियंता रजनीष चावला ने गाली-गलौच की और लात-घूसों से मारपीट भी कर डाली

**छबड़ा,** (निसं)। स्थानीय विद्युत निगम कार्यालय में विद्युत उपकरण लेने गए किसान के साथ जेईएन हाथापाई पर उतर आया और किसान के साथ लात-घूसों से मारपीट की। जिसका वीडियो भी जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने मुख्यमंत्री सहित सीएमडी से मुलाकात कर जेईएन को निलंबित किए जाने की मांग की। इस पर निगम ने तत्परता दिखाते हुए जेईएन को निलंबित कर दिया।

जानकारी अनुसार एक ओर तो सरकार राज्य के प्रत्येक नागरिक की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उधर, छबड़ा विद्युत निगम के कनिष्ठ अभियंता रजनीष चावला ने सारी मर्यादाओं को तोड़ते हुए विद्युत तार मागंने गए इब्राहिमपुर जदीद निवासी किसान धीरपसिंह लोधा के साथ गाली-गलौच की और किसान द्वारा विरोध करने पर उसके साथ लात-घूसों से मारपीट भी कर डाली। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा हैं। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को जैसे ही घटना के बारे में जानकारी मिली तो सबसे पहले उन्होंने निगम की सीएमडी आरती डोगरा व मुख्यमंत्री कार्यालय में डीआईजी से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी एवं दोषी जेईएन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस पर निगम ने तत्परता दिखाते हुए जेईएन चावला को निलंबित कर दिया।

**किसान ने जेईएन पर अभद्रता व मारपीट का आरोप लगायाः**- किसान धीरपसिंह ने बताया कि उन्होंने कनेक्शन के लिए फाईल लगा रखी थी और कनेक्षन के लिए तार कम पड़ गया था। वह जेईएन से तार देने के लिए निवेदन करने गया था। परंतु जेईएन ने उसकी बात नहीं सुनी और धक्का देकर बाहर निकाल दिया और उसके लात-घूसों से मारपीट की। उसने जेईएन के साथ कोई मारपीट नहीं की।

**जेईएन ने किसान पर पहले मारपीट का लगाया आरोपः**- जेईएन रजनीश चावला ने बताया कि धीरपसिंह द्वारा कनेक्शन के लिए फाईल लगाई गई थी जिसकी लगभग ढाई माह पूर्व इंडेंट काटकर मैंने उसे भेज दी थी। सोमवार को धीरपसिंह मेरे पास आया और मुझसे कहा कि मुझे ट्रांसफार्मर दे दो। इस पर मैने उससे कहा कि अभी आपकी लाईन का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। तो उसने कहा कि मेरे पास तार कम पड़ रहा हैं। इस पर उन्होंने धीरपसिंह से कहा कि तार स्टोर से ले लो। इस पर धीरपसिंह ट्रांसफार्मर की इंडेंट देने की जिद करने लगा और मेरे साथ गाली-गलौच पर उतारू हो गया। आपसी बहस में धीरपसिंह ने उनके थप्पड़ जड़ दिया। उन्होंने बचाव करने के लिए हाथापाई की। उन्होंने किसान के विरूद्ध थाने में परिवाद सौंप दिया है।

**किसान से मारपीट करने वाला जेईएन निलंबितः**- किसान के साथ मारपीट की घटना को गंभीरता से लेते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) ने अधीनस्थ कर्मचारी जूनियर इंजीनियर रजनीश चांवला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सोमवार को विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने इस प्रकरण को अत्यंत आपत्तिजनक बताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जयपुर में मुलाकात कर संबंधित कर्मचारी पर कठोर व त्वरित कार्रवाई की मांग की थी। सिंघवी की मांग के उपरांत मामले को गंभीर मानते हुए जेवीवीएनएल ने कर्मचारी विनियम, 1962 के तहत निलंबन आदेश जारी कर दिया। विधायक सिंघवी ने कहा कि सरकार किसानों की सुरक्षा, सम्मान और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा किसान के साथ दुर्व्यवहार, दुराचार या मारपीट जैसी घटनाएं किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती।

**किसान व विद्युत कर्मचारी संघ ने दिए ज्ञापनः**-इस मामले में भा.कि. सभा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जेईएन के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की। वहीं राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की जांच करवाकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

सीआई राजेश खटाणा ने बताया कि किसान धीरपसिंह ने जेईएन रजनीश चावला द्वारा उसके साथ अभद्रता व मारपीट करने की रिपोर्ट पेश की है। किसान की रिपोर्ट पर जेईएन चावला के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# पिता-पुत्र पर सरियों से जानलेवा हमला

**पावटा,** (निसं)। पावटा में शुक्रवार 21 नवम्बर की शाम बाइक सवार दो अज्ञात नकाबपोश हमलावरों ने पिता-पुत्र पर सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। इस गंभीर मामले में पीड़ित महावीर प्रसाद निवासी राजस्थान स्कूल के पीछे, शर्मा कॉलोनी पावटा ने प्रागपुरा थाना में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि वह शाम करीब सात बजे अपने पुत्र नितेश के साथ दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों मोदी मंदिर के पास नाहरजी खेलना वाली मिल के समीप पहुंचे, वहां पहले से बाइक पर खड़े दो बाइक सवार अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति, जिन्होंने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था अचानक उनको देखते ही उन पर टूट पड़े। दोनों अज्ञात हमलावरों ने सरियों से महावीर प्रसाद पर हमला किया, जिससे उन्हें सिर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान उनका पुत्र नितेश पीछे बैठा होने से बाल-बाल बच गया। घायल महावीर प्रसाद को मौके पर पहुंचे सुशील योगी द्वारा तुरंत अस्पताल ले जाया गया। प्रार्थी ने पहचान स्वरूप एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है। महावीर प्रसाद की तहरीर पर थाना प्रागपुरा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# खंभे पर काम करते करंट से दो युवक झुलसे, एक की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के पंडेर थाना क्षेत्र के बालापुरा और अखेपुरा गांव के बीच रविवार को बिजली के खंभे पर काम करते समय करंट लगने से दो युवक झुलस गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक की पहचान हीरालाल कीर के रूप में हुई है, जिसका शव पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है। गंभीर घायल बाबूलाल मीणा को प्राथमिक इलाज के बाद जयपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बिजली विभाग की ओर से लिए गए शटडाउन के दौरान खंभे पर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक करंट आने से दोनों की हालत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस और बिजली विभाग को दी। पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हादसे की खबर फैलते ही अस्पताल के बाहर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी भी जताई है।


**कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.)**
क्रमांकः- न.प.हि../2025-26/8215 दिनांक-20.11.2025
**ई-निविदा सूचना वर्ष 2025-26**
नगर परिषद हिण्डौन सिटी हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में (निविदा प्रभावी होने की तिथी से)मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत संचालित कार्यों के लिये निर्माण सामग्री आपूर्ति यथा ग्रेवल, ईट, पत्थर, रेज/बजरी, क्रेशरब्रोकन, मिट्टी,सीमेंट,चूना,पट्टियॉ,बाईडिंग बायर,लोहा,सरिया,लोहे के दरवाजे एंव खिडकियॉ,पानी के टैंकर सप्लाई,मशीनरी/उपकरण एंव परिवहन इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 31.03.2026 तक या आगामी आदेश तक निविदाएं आमंत्रित की जातीहै। निविदा में भाग लेने हेतु निविदादाता का वाणिज्य करविभाग मे जीएसटी अधिनियम 2017 में पंजियन एंव कम से कम बी श्रेणी में रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। ई-निविदा से संबंधित समस्त विवरण एंव शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/www.sppp.raj.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN NO. DLB2526WSOB24858
सभापति आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/14495 नगर परिषद हिण्डौन सिटी नगर परिषद हिण्डौन सिटी

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
झलकारी बाई स्मारक के पास पंचशील-लोहागल मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920
क्रमांक :-MEW/2025-26/1508 दिनांकः- 20.11.2025
**:: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 45/2025-26 ::**
नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन ईनिविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | राशि 645.96 लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | Date 20.11.2025 To 26.11.2025 Time 6.00 PM तक |
| प्री-बिड मिटिंग की तिथि व समय | Date 24.11.2025 Time 11.00 AM पर Additional Chief Engineer Chamber (Nirman Section) Municipal Corporation Ajmer |
| Technical निविदा खोलने की तिथि व समय | Date 27.11.2025 Time 11.00 AM पर |
| Financial निविदा खोलने की तिथि | सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा। |

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।
NIB CODE :-ANN2526A0160
UBN NO. :-ANN2526WLOB00211 अधिशाषी अभियन्ता
राज.संवाद/सी/25/14420 नगर निगम अजमेर

# जयपुर मेट्रो विस्तार से कम होगा शहर का ट्रैफिक दबाव : भजनलाल शर्मा

## राजधानी जयपुर की तेजी से बढ़ती जनसंख्या और यातायात को देखते हुए मेट्रो का विस्तार अत्यंत आवश्यक : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर मेट्रो विस्तार परियोजना की समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में सुगम और अत्याधुनिक परिवहन तंत्र विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो विस्तार परियोजना की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने कहा कि जयपुर की बढ़ती जनसंख्या

- **जयपुर मेट्रो फेज-2 की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट राज्य सरकार ने मंजूर कर केंद्र सरकार को भेजी है, वहां से मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू होगा**
- **परियोजना में 42.80 किलोमीटर लंबे रूट पर 36 स्टेशन प्रस्तावित हैं। इनमें 34 एलीवेटेड तथा 2 अंडरग्राउंड स्टेशन शामिल होंगे।**

और यातायात को देखते हुए मेट्रो का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल शहरवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी, बल्कि ट्रैफिक दबाव भी काफी हद तक कम होगा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जयपुर मेट्रो फेज-2 की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) राज्य सरकार द्वारा मंजूर कर केंद्र को भेज दी गई है। मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। परियोजना में 42.80 किलोमीटर लंबे रूट पर 36 स्टेशन प्रस्तावित हैं। इनमें 34 एलीवेटेड तथा 2 अंडरग्राउंड स्टेशन शामिल होंगे।

फेज-2 सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, वीकेआई, जयपुर एयरपोर्ट, जयपुर रेलवे स्टेशन, गांधी नगर रेलवे स्टेशन जैसे प्रमुख स्थलों को आपस में जोड़ेगा। इससे एसएमएस स्टेडियम, एसएमएस हॉस्पिटल, कलेक्ट्रेट, विद्याधर नगर, अंबाबाड़ी, टोंक रोड और सीकर रोड के घनी आबादी वाले इलाकों को भी मेट्रो सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेट्रो विस्तार के दौरान स्टेशन उन्हीं स्थानों पर बनाए जाएं, जहां यातायात का दबाव अधिक रहता है। इससे लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिल सकेगी। उन्होंने लागत और खर्च का सटीक मूल्यांकन करने पर भी जोर दिया, ताकि वित्तीय संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग हो और जनता को दीर्घकालीन सुविधा मिल सके। बैठक में मेट्रो परियोजना के फेज-थ्री ए, बी और सी के प्रस्तावित मार्गों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आगे की योजनाओं, तकनीकी पहलुओं और लागत का विवरण साझा किया।बैठक के दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को मेट्रो विस्तार कार्य में तेजी लाने और इसे समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

# प्रदेश के विद्युत निगमों की फुटबॉल टीम ने लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने राजस्थान विद्युत विभाग की टीम को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी।

**जयपुर** (कासं)। पंजाब पावर कॉरपोरेशन द्वारा पटियाला में 19 नवंबर से 21 नवंबर 2025 तक आयोजित की गई 47वीं अखिल भारतीय विद्युत फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 में राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने टीम के जयपुर पहुंचने पर विद्युत भवन में

- **अखिल भारतीय विद्युत फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का पटियाला में हुआ आयोजन**
- **कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में मध्य प्रदेश पावर को हराया**
- **राजस्थान के विद्युत कार्मिक ड्यूटी के साथ खेलों में भी अव्वल : ऊर्जा मंत्री**

खिलाड़ियों को शानदार उपलब्धि अर्जित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के बिजली कर्मचारी विषम परिस्थितियों में अपनी नौकरी करते हैं और नौकरी करने के साथ समय निकालकर शरीर स्वस्थ रखने के लिए खेलों से भी लगातार जुड़े हुए हैं। हीरालाल नागर ने कहा कि बिजली कर्मचारियों के कल्याण को देखते हुए अन्य राज्यों और राज्य सरकार की भांति बिजली निगमो में भी स्पोर्ट्स पॉलिसी बनाकर लागू की जाएगी।

राजस्थान विद्युत फुटबॉल टीम की यह उपलब्धि खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, समर्पण और टीम भावना का परिणाम है। प्रतियोगिता में देशभर के राज्यों से विद्युत विभागों की शीर्ष फुटबॉल टीमों ने भाग लिया।

राजस्थान टीम ने शुरुआती मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। सेमी फाइनल में हरियाणा की टीम से राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा। कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में राजस्थान के खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी मध्य प्रदेश पावर टीम को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया।

टीम के मैनेजर पवन शर्मा सहायक निदेशक जनसंपर्क राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम, कोच विनोद कुमार तकनीशियन प्रथम जयपुर विद्युत वितरण निगम, कप्तान दिनेश मीणा, सहायक अभियंता कोटा थर्मल हैं। सभी खिलाड़ियों ने इस सफलता के लिए कड़ा संघर्ष किया था। टीम में राजस्थान के सभी विद्युत वितरण निगम, प्रसारण निगम और उत्पादन निगम के विद्युत गृहों के खिलाड़ी शामिल है।

# हाईकोर्ट ने प्रमुख कार्मिक सचिव और ए.सी.एस. पीएचईडी को तलब किया

## लेबर कोर्ट के आदेश की पालना नहीं करने वाले अफसरों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति नहीं देने पर जताई नाराजगी

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने लेबर कोर्ट के आदेश की पालना नहीं करने वाले अफसरों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी करने के संबंध में पेश प्रार्थना पत्र पर सात साल में भी कार्रवाई नहीं करने पर नाराजगी जताई है।

इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख कार्मिक सचिव और अतिरिक्त मुख्य पीएचईडी सचिव को 28 नवंबर को तलब किया है। अदालत ने दोनों अफसरों से पूछा है कि कार्मिक विभाग सात साल से इस प्रार्थना पत्र को लेकर क्यों बैठा है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश मुकर्रम हुसैन की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि कार्मिक विभाग के काम करने का यह धीमा तरीका औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 29 के मकसद को नाकाम कर रहा है और इसके चलते लेबर कोर्ट के फैसले लागू नहीं हो पा रहे हैं। इसके साथ ही अदालत ने कार्मिक विभाग के रवैये पर नाराजगी भी जताई है। याचिका में अधिवक्ता सीपी शर्मा ने अदालत को बताया कि लेबर कोर्ट ने 28 मार्च, 2017 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को 1 अप्रैल, 1982 से अर्ध स्थाई करने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद भी लेबर कोर्ट के आदेश की पालना नहीं की गई।

इस पर याचिकाकर्ता ने औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 29 के तहत लेबर कमिश्नर के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश किया। लेबर कमिश्नर ने 5 मार्च, 2018 को कार्मिक विभाग को पत्र लिखकर दोषी अफसरों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी करने को कहा। याचिका में कहा गया कि करीब सात साल का समय बीतने के बाद भी कार्मिक विभाग की ओर से लेकर कमिश्नर के पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

विभाग के इस रवैये के चलते ही लेबर कोर्ट के अवार्ड की पालना नहीं हो रही है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों अधिकारियों को पेश होकर इस संबंध में स्पष्टीकरण देने को कहा है।

# पुलिया पर चलते ट्रक में आग

**जयपुर**। झोटवाड़ा इलाके में स्थित दादी का फाटक पुलिया पर अचानक से चलते ट्रक में आग लग गई। काफी धुंआ निकलता देख ट्रक चालक ने जैसे-तैसे ट्रक को साइड में लगाया और कूद कर अपनी जान बचाई। जिसके बाद पुलिया पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर करीब पौने तीन बजे के आसपास दादी का फाटक पुलिया पर चलते ट्रक में अचानक से आग लग गई। गनीमत रहीं ट्रक अमेजन कंपनी का सामान लेकर आया था और पास ही में उसे खाली कर वापस लौट रहा था। खाली ट्रक में आग लगने से बड़ा हादसा टल गया। दादी का फाटक पुलिया से उतरते वक्त ट्रक के इंजन में धुआं निकलने लगा और देखते ही आग केबिन में जा पहुंची। तभी ट्रक चालक ने ट्रक को साइड में रोका और नीचे कूद कर जान बचाई।

# इंटरनेशनल कबड्डी फैडरेशन में गबन को लेकर एफआईआर दर्ज के आदेश से इनकार

**जयपुर** (कासं)। अतिरिक्त सिविल न्यायालय क्रम-15 महानगर द्वितीय ने इंटरनेशनल कबड्डी फेडरेशन में पांच करोड रुपए के कथित गबन से जुडे मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश देने से इनकार किया है। इसके साथ ही अदालत ने परिवादी को कहा है कि वह अदालत में पेश होकर अपनी साक्ष्य पेश करे। अदालत ने यह आदेश सुनील कुमार के परिवाद पर दिए। परिवाद में आईकेएफ के निदेशक ज्ञानेश्वर कासनी और तेजस्वी सिंह को आरोपी बनाया गया है।

- **अतिरिक्त सिविल न्यायालय ने परिवादी को साक्ष्य के लिए बुलाया**

परिवाद में अधिवक्ता अनिल चौधरी ने बताया कि कबड्डी की राष्ट्रीय संस्था एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया है। जबकि इंटरनेशनल कबड्डी फेडरेशन, फेडरेशन न होकर कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत कंपनी है। जिसमें दोनों आरोपी निदेशक है। कंपनी को साल 2015 से 2024 तक स्टार टीवी ने कुल 18 करोड रुपए का भुगतान किया गया। इसमें से सात करोड रुपए खेल विकास फंड के नाम पर दिए गए। जबकि यह राशि एकेएफआई को दी जानी चाहिए थी। सीएजी की ओर से ऑडिट कराने का प्रावधान आईकेएफ पर लागू नहीं होते, जिसका दुरुपयोग कर फंड का गबन किया गया है। इसके अलावा इस कंपनी में विश्व की किसी भी कबड्डी की राष्ट्रीय फेडरेशन सदस्य नहीं है। कंपनी की ओर से विश्व कप कराने की शर्त भी अनुबंध में फर्जी डाली गई है, क्योंकि कंपनी ने कोई वर्ल्ड कप नहीं कराया है।

परिवाद में कहा गया कि खेल विकास फंड में प्राप्त सात करोड रुपए में से दो करोड रुपए का खर्च का हवाला कंपनी की बैलेंस शीट में है, लेकिन शेष राशि का गबन किया गया है। वहीं विभिन्न मदों में भी अनावश्यक खर्चा दिखाया गया है। ऐसे में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने परिवादी को अपनी साक्ष्य पेश करने को कहा है।

# श्री सत्य साई कॉलेज में आयोजन

**जयपुर** (कासं)। श्री सत्य साई पी.जी.महिला महाविद्यालय में भगवान सत्य साई बाबा का 100वां जन्मोत्सव बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान महाविद्यालय में बाबा के आकर्षक चित्रों की प्रदर्शनी तथा रंगोली से सजावट की गई। इससे पूर्व प्रभात फेरी भी निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अधिवक्ता डॉ. अखिल शुक्ला ने कहा कि बाबा के प्रमुख चार स्तम्भ को सभी को जीवन में जनहितार्थ आत्मसात करना होगा। उन्होंने भोजन, धन, समय और ऊर्जा की बर्बादी ना करने का सन्देश दिया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सरोज खेमका ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंध समिति के अधिवक्ता अलकेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण भक्तिभाव से साई भजनों व आरती का सामूहिक गायन किया। समारोह में विशिष्ट शिक्षिकाओं व मेधावी छात्राओं का सम्मान भी किया गया।

# 11 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही तीन कॉलोनियां ध्वस्त

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने 11 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही 3 अवैध कालोनियों को ध्वस्त किया। इसके साथ ही गायत्री नगर में बिना अनुमति बनाए जा रहे बेसमेंट समेत 3 मंजिला अवैध निर्माण को सील भी किया।

उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि अजमेर रोड पर बगरू में जेडीए की अनुमति और कृषि भूमि के रूपांतरण करवाए बिना ही 3 बीघा निजी खातेदारी की जमीन पर "दुर्गा विहार" स्कीम काटी जा रही थी। काश्तकार और भूखंड मालिकों ने यहां मिट्टी ग्रेवल की रोड, सीमेंट के ब्लॉक्स की सड़कें, कोठरी व अन्य निर्माण कर लिए थे।

इसी प्रकार ग्राम बेगस में 4 बीघा कृषि भूमि पर "सालासर सिटी" तथा गोपालपुरा बाईपास, मैट्रो स्टेशन, द्रव्यवती नदी के पास 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी चल रही थी। यहां भी प्लॉट्स की बाउंड्रीवाल, ग्रेवल रोड व

- **बगरू, बेगस तथा द्रव्यवती नदी क्षेत्र में निजी खातेदारी की जमीन पर बसाई जा रही थी अवैध कॉलोनियां**
- **गायत्री नगर में भी जेडीए की अनुमति के बिना बनाई जा रही बेसमेंट समेत 3 मंजिला इमारत सीज**

अन्य निर्माण कर लिए गए थे। सभी जगहों पर जेडीए टीम ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से तोड़फोड की कार्रवाई कर अवैध निर्माण ध्वस्त किए।

जोन-5ए में स्थित गायत्री नगर के प्लॉट नं. 165 की जमीन पर बेसमेंट समेत 3 मंजिला अवैध निर्माण किया जा रहा था, जिसे भी जेडीए ने सील किया है।

# गीतों ने घोली माटी की सौंधी महक

**जयपुर**। संगीत संस्थान संस्थान का दो दिवसीय संगीत समारोह सोमवार को यहां शास्त्रीनगर स्थित साइंसपार्क ऑडिटोरियम में शुरू हुआ।

कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने माटी में रचे-बसे गीतों की सुरीली जाजम सजाई। गिटारिस्ट वत्सल अनुपम के निर्देशन में सजी लोक संगीत की शाम में लोक कलाकार सरवर मीरासी और फरहान खान ने अपनी आंसदार आवाज और खड़ताल जैसे साज के साथ कई लोकगीतों की सलोनी प्रस्तुतियों से माहौल में माटी की सौंधी महक घोल दी।

लोककलाकार सरवरी मीरासी ने केसरिया बालम आवोनी...समेत दमदार मस्त कलंदर..., म्हारो रंग रंगीलों राजस्थान..., सादगी तो म्हारी...जैसे लोकगीतों की कर्णप्रिय प्रस्तुति से मौजूद श्रोताओं के मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में तबले पर मोहसिन खान समेत खड़ताल पर याकूब खान, शब्बीर खान ने दमदार संगत कर कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी।

# प्रदेश में स्मार्ट पुलिसिंग को मिलेगा बढ़ावा : डी.जी.पी. राजीव शर्मा

## राजस्थान पुलिस और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्याला के मध्य हुआ एमओयू



डी.जी.पी. राजीव शर्मा की मौजूदगी में एमओयू पर राजस्थान पुलिस की ओर से पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण शरद चौधरी तथा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की ओर से डीन अविनाश खारेल ने हस्ताक्षर किए।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गुजरात के बीच सोमवार को पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय एवं आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में अकादमिक,प्रशिक्षण और अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह पुलिसिंग में अनुसंधान-आधारित सुधारों और फील्ड स्तर की क्षमताओं को बढ़ाने की

- **राज्य की आंतरिक व सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था होगी और अधिक मजबूत**
- **विशेषज्ञता, संयुक्त अनुसंधान और नवाचारों का आदान प्रदान हो सकेगा**

दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमओयू के तहत स्मार्ट पुलिसिंग, सुरक्षा नवाचार और पेशेवर क्षमता-विकास के लिए संयुक्त कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे राज्य की आंतरिक और सार्वजनिक सुरक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राज्य में पुलिसिंग की उत्कृष्टतम प्रथाओं को लगातार अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा विश्वविद्यालय द्वारा किए गए नवाचार पूरे देश के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के सहयोग से राजस्थान पुलिस भी और अधिक कुशलता के साथ कार्य कर सकेगी। साथ ही प्रदेश में पुलिस की कार्यकुशलता और पेशेवर क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि इस एमओयू के माध्यम से स्मार्ट पुलिसिंग, साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक तथा आंतरिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य और अधिक संगठित तथा प्रभावी ढंग से संपादित किए जा सकेंगे। साथ ही, बड़ी घटनाओं के दौरान आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों की विशेषज्ञता का लाभ भी लिया जा सकेगा।

शर्मा ने कहा कि राज्य में पुलिस शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने में रक्षा विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. बिमल एन. पटेल ने कहा कि साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने आत्मनिर्भरता के साथ कई ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आरआरयू की अकादमिक और विश्लेषणात्मक विशेषज्ञता, राजस्थान पुलिस की रणनीतिक तथा परिचालन क्षमताओं को और अधिक मजबूत एवं उन्नत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

डॉ. पटेल ने बताया कि अब तक विश्वविद्यालय द्वारा 82 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है तथा विश्वभर में अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एमओयू के बाद राजस्थान पुलिस भी आरआरयू के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कोर्सों का लाभ आसानी से ले सकेगी। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के कार्यों, अनुसंधान गतिविधियों तथा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी भी साझा की।

कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण एवं यातायात)अनिल पालीवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए एमओयू के माध्यम से प्राप्त होने वाले लाभों का विस्तृत और सारगर्भित विवरण प्रस्तुत किया।

एमओयू पर राजस्थान पुलिस की ओर से पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण शरद चौधरी तथा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की ओर से डीन अविनाश खारेल ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था संजय कुमार अग्रवाल सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, पुलिस प्रशासन, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक जैसे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस एमओयू से पुलिस शिक्षा की गुणवत्ता तथा प्रशिक्षण प्रणाली और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी। विशेष प्रशिक्षण और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस प्रशिक्षकों और अधिकारियों की दक्षता और कौशल को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

इस समझौते से फैकल्टी सदस्यों, पुलिस अधिकारियों एवं शोधकर्ताओं के लिए विनिमय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक, आतंकवाद विरोधी रणनीति तथा खुफिया प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ज्ञान एवं सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया जा सकेगा।

संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं एवं नवाचारों से साक्ष्य आधारित पुलिसिंग, डेटा-आधारित रणनीतियों और नीति निर्माण को बढ़ावा मिल सकेगा।

राजस्थान पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी आरआरयू के अकादमिक कार्यक्रमों के माध्यम से उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनके व्यावसायिक विकास एवं कैरियर उन्नित में सहायता मिलेगी।

# मुख्यमंत्री ने सुनी लोगों की परिवेदनाएं

## आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी : भजनलाल शर्मा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को अपने निवास पर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जवाबदेहिता एवं पारदर्शिता से कार्य करते हुए सुशासन की ओर अग्रसर है। सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों, नवाचारों एवं योजनाओं का प्रमुख ध्येय अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जनसुनवाई भी इसी लक्ष्य की ओर बढ़ता एक मजबूत कदम है। मुख्यमंत्री नियमित रूप से इस जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत दे रहे हैं।

शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने इस दौरान आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए अधिकारियों को उन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई में परिवादी उम्मीद के साथ आते हैं। ऐसे में अधिकारी इन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनका शीघ्र निस्तारण करें।

शर्मा ने जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आई महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों सहित विभिन्न लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। आमजन अपनी परिवेदनाओं के निस्तारण से बेहद संतुष्ट नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादियों को जल्द से जल्द राहत दी जाए। साथ ही, लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए इसका शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रकरणों के निस्तारण

- **मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रकरणों के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही होगी**

में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, श्रम, कृषि, गृह, राजस्व, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान शर्मा ने विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के पोस्टर विमोचन भी किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत 21 दिसंबर को

**जालोर,** (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिले में 21 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत को लेकर तैयारियां जारी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बताया कि लोक अदालत को लेकर विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष ने सभी न्यायिक अधिकारियों एवं तालुका विधिक सेवा समितियों के अध्यक्ष को लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजीनामा योग्य प्रकरणों में प्री काउंसलिंग करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि न्यायालयों में चल रहे अपने प्रकरणों को लोक अदालत में रेफर करवाए एवं आपसी सहमति से अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करवाए।

### बालावत ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**जालोर,** (कासं)। पाली भाजपा जिला प्रभारी (संगठन ) एवं जालोर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह बालावत ने सोमवार को जिला मुख्यालय जालोर में भुख हडताल बैठे परिवार को न्याय दिलाने मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजा। जालोर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने बताया कि 15 माह पूर्व गांव मांडोली जिला जालोर में गणपतसिंह की हत्या हुई थी। इस संबंध में कई बार जिला मुख्यालय पर धरने प्रदर्शन हुए जो वार्ता कर जांच में प्रशासन द्वारा समय-समय पर मांगा गया। उक्त हत्याकांड का पर्दाफाश नहीं होने से गत 8 दिनों से मृतक की 80 वर्षिय माताजी, पत्नि समेत परिवारजन भुख हडताल पर है। अनेको जनप्रतिनिधि भी मौका स्थल पर न्याय दिलवाने का आश्वासन देकर चल दिये। 8 दिन से 80 वर्षिय माताजी का भुख हडताल पर बैठना व पर्दाफाश नहीं होना चिंताजनक है। पत्र में मांग कि है कि संज्ञान लेकर उक्त घटना में दोषियों की जल्द गिरफ्तारी व माताजी के स्वास्थ्य के मध्यनजर ठोस आश्वासन दिलवाकर भुख हड़ताल तुडवाकर अनुग्रहित करावे।

### जोधपुर-साबरमती एक्सप्रेस दो दिन रद्द

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में मदार-पालनपुर रेलखंड पर आउवा-भिनवालिया स्टेशनों के बीच आरसीसी बॉक्स डालने का कार्य जारी है। इस तकनीकी कार्य के लिए लिए गए ट्रैफिक ब्लॉक के चलते 27 और 28 नवंबर को सात ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इन दो दिनों में कई ट्रेनें रद्द, कुछ का मार्ग बदला हुआ रहेगा, जबकि कुछ ट्रेनों को रिशेड्यूल व रेगुलेट किया जाएगा। ट्रेन संख्या 14821, जोधपुर - साबरमती एक्सप्रेस - 27 और 28 नवंबर को रद्द। ट्रेन संख्या 14822, साबरमती -जोधपुर एक्सप्रेस - 28 और 29 नवंबर को रद्द। ट्रेन संख्या 20943, बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी एक्सप्रेस (27 नवंबर): महेसाना-भीलड़ी-लूनी होकर चलेगी। भीलड़ी स्टेशन पर ठहराव रहेगा। ट्रेन संख्या 20496, हडपसर -जोधपुर एक्सप्रेस (27 नवंबर): महेसाना-भीलड़ी -लूनी होकर आएगी। भीलड़ी स्टेशन पर ठहराव रहेगा।

### सामूहिक विवाह 22 फरवरी को

**जोधपुर,** (कासं)। सेवा भारती समिति जोधपुर के श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह 22 फरवरी को आयोजित होगा। इसको लेकर पोस्टर का विमोचन रविवार को किया गया। सेवा भारती महानगर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि प्रथम पूजनीय रातानाडा गणेश मंदिर में महंत के साथ जुगल जोड़ी बाबा रामदेव मंदिर की सैनाचार्य अचलानंद गिरह द्वारा किया गया। राम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर आयोजन समिति का अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, महामंत्री वरुण धनाडिया व कोषाध्यक्ष अशोक गहलोत को बनाया गया गया। महानगर अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि सामाजिक समरसता और आर्थिक असमानता को दूर करता यह प्रकल्प, अपने निरंतर सर्वजातीय सामूहिक विवाहों के आयोजन से समाज को नई दिशा देने में अतुल्य भागीदारी का निर्वहन कर रहा है। यह आयोजन 22 फरवरी को आदर्श विद्या मंदिर केशव परिसर में भव्य कार्यक्रम के साथ आयोजित होगा।

### वर-वधु को भेंट किए शादी के कपड़े

**जोधपुर,** (कासं)। हेल्पिंग पीपल ट्रस्ट उम्मीद की एक किरण की ओर से 10 दिसंबर को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। समारोह में शामिल होने वाले जोड़ों को शादी के कपड़े वितरित किए गए। वधुओं को बरी और सभी वर को कोट-पेंट-शर्ट प्रदान किए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पोहानी ने बताया कि सिर्फ 1 रुपये में बेटे-बेटियों का विवाह करवाया जा रहा है। कई महिलाओं को रोजगार भी उपलब्ध करवा रहे हैं। आयोजन में मंडोर अध्यक्ष नीरू मनोहर सिंह टाक, रेखा चौधरी, गीता लाडवानी, सरोज गहलोत, मंजू गहलोत, मधु भंडारी, बद्री नारायण, बलवीर टाक, उम्मेद टाक, चंद्रसिंह टाक, मनीष भाटी, दीपक वैष्णव, शिवराम आर्य, वीरेंद्र जांगिड़ व रमेश गहलोत सहयोग कर रहे हैं।

### पीपाजी महाराज के नाम भजन 26 को

**जोधपुर,** (कासं)। निकटवर्ती ठाम जाजीवाल कांकराला में पीपाजी सेवा समिति समस्त गांववासी एवं कांकराला के देवासी समाज के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवंबर को एक शाम श्री पीपाजी महाराज के नाम भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा। महादेव जी के मंदिर ओवनिया पर कार्यक्रम के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। आयोजन में मारवाड़ सहित आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में भक्तगण शिरकत करेंगे और भजनों के माध्यम से पीपाजी महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक कलाकार बाबू पीपावत, चेनाराम पीपावत, बालाराम पीपावत, छोगाराम देवासी, प्रकाश देवासी तथा पुखदास एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 21 दिसंबर को

**जोधपुर,** (कासं)। सर्व वैष्णव समाज का प्रतिभा सम्मान 21 दिसम्बर को आयोजित होगा। इसको लेकर तैयारियां आरंभ कर दी गई है। अखिल राजस्थान पुजारी महासंघ के प्रदेश प्रचार मंत्री गिरधारी वैष्णव ने बताया कि आगामी 21 दिसंबर को जोधपुर में यूनाइटेड वैष्णव ग्रुप की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में 10 वी, 12 वीं कक्षा में 75 प्रतिशत अंक से अधिक तथा डिग्रीधारक को 60 प्रतिशत अंक वाले विद्यार्थियों को उनका हौसला अफजाई के लिए सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही हाल ही में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में नव नियुक्त समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जायेगा। सर्व वैष्णव समाज जिसमें वैष्णव चतु सम्प्रदाय, रांकावत, धनावंसी, दादूपंथी एवं कबीरपंथी वैष्णव समाज बंधु एक मंच पर होंगे।

### पर्यटकों को परेशानीी, युवक पकड़ा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की पर्यटन थाना पुलिस ने देशी विदेशी पर्यटकों को दुकान से खरीदारी के लिए उकसाने और दृष्यावलोकन कर परेशान करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पर्यटन थाने में केस दर्ज किया गया है। पर्यटन थाने के एसआई मोहर सिंह ने नई सडक़ पर गश्त करते एक युवक को देशी विदेशी पर्यटकों को दुकान में खरीदारी के लिए उकसाने और दृष्यावलोकन कराने की बात पर पकड़ा। आरोपी चांदपोल स्थित माता का कुण्ड निवासी श्रवण उर्फ सैम पुत्र फुसाराम के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई

**रेवदर,** (निसं)। कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष लीलाराम गरासिया को जिले की कमान सौंपने से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हिमपाल सिंह देवल के नेतृत्व में कई कार्यकर्ताओं ने आबूरोड पंचायत समिति कार्यालय में जिलाध्यक्ष लीलाराम गरासिया का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। रेवदर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लाखाराम चौधरी, अभाव अभियोग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पुनम चंद पुरोहित, शैलेंद्र सिंह भाटी, शहिद पठान,सहित उपस्थित थे।

### ओमकार वर्मा ने पदभार ग्रहण किया

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओमकार वर्मा ने आज पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह में राजेंद्र सिंह सोलंकी, सलीम खान, नरेश जोशी, कुंती देवड़ा, अनिल टाटिया, पवन मेहता सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता पर हमले के विरोध में वकीलों ने रोष जताया

जालोर, (कासं)। अभिभाषक संघ जालोर व आहोर की ओर से सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अमिताभ सिंह पर हमले के विरोध में वकीलों ने न्यायालयों में उपस्थिति नहीं दी। दोपहर बाद में अभिभाषक संघ जालोर के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राठौड के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्रसिंह इंदौलिया को ज्ञापन देकर एफआईआर में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि आहोर की राजकीय भूमि खसरा नं. 977, 1008, 1009 व 1032 में राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा पारित गलत निर्णय व उसकी बिना विवेचना किए भूमाफिया की मिलावट में प्रशासन द्वारा पालना किए जाने के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर रहे अभिभाषक संघ -जालोर के सदस्य अमिताभसिंह पर पुलिस की उपस्थिति में जानलेवा हमला किया गया है। इस मामले में आहोर पुलिस द्वारा निष्पक्ष अनुसंधान नहीं किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप हमारे साथी अधिवक्ता पर दबाव बनाकर व जान का खतरा बताकर समझौता करवा दिया है। वकीलों ने आरोप लगाया कि 48 घंटे से अधिक समय हो गया है, लेकिन अभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस अधीक्षक ने आहोर पुलिस अधीक्षक को फोन लगाकर कर शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इस दौरान अभिभाषक संघ के अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह राठौड, उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष पुखराज माली, वरिष्ठ अधिवक्ता सरदार खान खोखर, चुन्नीलाल राजपुरोहित, चैनाराम चौधरी, ललित खत्री, मंगलसिंह राजपुरोहित, अशोक माली, समीर खोखर, जगदीश गोदारा, नवीन गेहलोत, सरिता चौधरी समेत काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।



जालोर में अभिभाषक संघ ने अधिवक्ता पर हमले के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर जिला कलैक्टर प्रदीप गावंडे को ज्ञापन सौपा। फोटो-राष्ट्रदूत

वही अधिवक्ताओं ने संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राठौड के नेतृत्व में जिला कलेक्टर प्रदीप गावंडे से मुलाकात कर आहोर की विवादित संपत्ति के सम्बन्ध में हाईकोर्ट के निर्णय के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करने की मांग की।

वही आहोर में भी वरिष्ठ अधिवक्ता पर गत दिनो उपखण्ड कार्यालय आहोर के सामने बदमाशो द्वारा जानलेवा हमले के मामले में पुलिस जॉच एवं कार्यवाहीं में उदासीनता के विरोध में अभिभाषक संघ के बैनरतले अधिवक्ताओं ने सोमवार को पेन डाउन रखा। अधिवक्ताओं के पेन डाउन के संबंध में डाक्यूमेंट राईटर एवं स्टाम्प बैंडर्स ने भी समर्थन किया।

सचिव अधिवक्ता जगदीश सुथार ने बताया कि गत दिनो वरिष्ठ अधिवक्ता अमिताभसिंह पर कुछ बदमाशों ने उपखण्ड कार्यालय आहोर के सामने जानलेवा हमला किया था। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर एवं पुलिस अधीक्षक आहोर ने समझाईश कर जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज करने के बाद भी मुलजिमानो को गिरफतार नही करने पर रोष जताया। पुलिस की उदासीनता के खिलाफ अधिवक्ताओं ने सोमवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय आहोर एवं सहायक कलेक्टर न्यायालय में स्वैच्छिक अनुपस्थित रहे। साथ ही पंजीयन कार्यालय भी बंद रखा। अधिवक्ताओं ने पेन डाउन को स्टाम्प वेंडर्स एवं डीड राईटर्स ने भी पूर्ण समर्थन दिया।

इस दौरान वकीलों का प्रतिनिधि मण्डल पुलिस थाना आहोर पहुँचा। वहा जॉच अधिकारी से मामले की प्रगति एवं मुलजिमानों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन पुलिस अधिकारी द्वारा कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया, जिस पर अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

साथ ही जल्द ही कार्यवाहीं नहीं होने पर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को ज्ञापन भेजने एवं न्यायिक कार्य अनिश्चित कालीन के लिए बंद रखने की चेतावनी दी। इस दौरान अभिभाषक संघ आहोर अध्यक्ष विक्रमसिंह, प्रहलादसिंह जोधा, गजेन्द्रसिंह मांगलिया, भरतकुमार राजपुरोहित, भगवतसिंह, ललित खत्री, संजय खान, मांगीलाल चौधरी सहीत कई अधिवक्ताओं मौजूद रहे।

# राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने यूनिटी मार्च की तैयारी पर चर्चा की

**जोधपुर,** (कासं)। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत के माध्यम से विकसित भारत पद यात्रा जोधपुर में 25 नवंबर को होगी। यह जानकारी राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।

सांसद राजेन्द्र गहलोत ने बताया कि इसी पहल के तहत, 6 अक्टूबर को मंत्रालय ने सरदार 150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की। यह भारत सरकार और माय भारत की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं।

इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अभियान के चरण में जिला स्तरीय पदयात्राएं 31 अक्टूबर- 25 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। जिसमें हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में पदयात्रा होगी।

सांसद राजेंद्र गहलोत ने बताया कि जोधपुर की पदयात्रा 25 नवंबर को होगी। पदयात्रा पावटा चौराहे से प्रारंभ होगी। पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों, स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री ईवेंट गतिविधियां, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाए जाएंगे।

प्रेस वार्ता में माय भारत के उपनिदेशक राजेश चौधरी, पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया एवं संचार अधिकारी आशीष वर्मा मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा की विशेष ट्रेन रवाना



देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 के तहत ।वाई बांध से जगन्नाथ पुरी के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली,** (नि.सं.)। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 के तहत आज जवाई बांध से जगन्नाथ पुरी के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन वाया पाली जोधपुर होते हुए जगन्नाथपुरी जाएगी। इस विशेष ट्रेन में सिरोही ,जालोर के 241 यात्री, पाली जिले के 150 यात्री एवं जोधपुर, बाड़मेर ,बालोतरा ,जैसलमेर ,फलोदी जिलों के 579 यात्री सहित कुल 970 यात्री इस यात्रा में शामिल होंगे।

इस अवसर पर यात्रियों को सफल और सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों को देश के महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों के सुविधाजनक और नि:शुल्क तीर्थयात्रा के लिए इस महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की गई है जो काफी सफल साबित हुई है।

मंत्री कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा धर्मस्थलों के चयन, यात्रा मार्ग, चिकित्सा सुविधाओं तथा यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

इस तीर्थयात्रा में देश के पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक के बड़े बड़े तीर्थस्थल शामिल हैं। इसमें 60 वर्ष से अधिक के स्त्री पुरुष सभी शामिल हैं। अब तक हजारों यात्री इसका लाभ उठा चुके हैं।

इस अवसर पर पंचायतीराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी भी उपस्थित थे। उन्होंने भी तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित और सफल यात्रा की शुभकामना दी। इस अवसर पर ज्ञानेंद्रसिंह, शिवराज सिंह, पूनम सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा ओमप्रकाश पालीवाल अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान विभाग उपस्थित थे।

## शिवसेना ने एसपी को ज्ञापन दिया

**जालोर,** (कासं)। जालोर के निकट आहोर में नगरपालिका की भूमि विवाद को लेकर गत दिनो आहोर में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान शिव सेना जिला प्रमुख रुपराज राजपुरोहित को जान से मारने का षडयंत्र रचने वालो के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सोमवार को शिवसेना ने जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्रसिंह इन्दोलिया को ज्ञापन सौपा।

इस दौरान शिव सेना संभाग प्रमुख करण सिंह, जालोर जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित , जिला उप प्रमुख नारायण सिंह राजपुरोहित, जिला उप प्रमुख अनवर खान, उप प्रमुख वीरेंद्र विश्नोई, हेमागुडा़ तहसील प्रमुख (चितलवाना)= जगदीश विश्नोई, तहसील प्रमुख (जसवंतपुरा) उमाराम पुरोहित , शिव सेना रामनिवास साऊ हेमागुडा सदस्य= सुनील, देवीलाल, देवीलाल सोनी, अनिल चारण, महेंद्र राणा सहित कई जने मौजूद रहे।

ज्ञापन में बताया कि 22 नवंबर को आहोर उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर आहोर नगर पालिका की खसरा संख्या 1008 व 1009 की सरकारी भूमि को हडपने के विरोध में गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण धरना दिया जा रहा था। अचानक स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई। जब वाघपुरी पुत्र अचलपुरी गोस्वामी लगभग 25 गुंडों के साथ धरना स्थल पर पहुंचा और शिव सेना जालोर जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित एवं अधिवक्ता अमिताभ सिंह से आक्रामक बहस करने लगा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर उपलब्ध है। धरना स्थल पर मौजूद पुलिसकर्मी नरपतसिंह ने हालात गंभीर होते देख तुरंत कार्रवाई की और हत्या की आशंका को देखते हुए रूपराज पुरोहित को अपनी गाडी में सुरक्षित थाने पहुंचाया। यह कदम उनको बचाने में कारगार सिद्ध हुआ।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने सायला क्षेत्र में एसआईआर के कार्य देखे

जालोर, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने सोमवार को सायला क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत डिजिटाईजेशन कार्य का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को लेकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे डिजिटाईजेशन कार्य का अवलोकन किया तथा समुचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि गणना फार्म संकलित करने के साथ ही समय पर डिजिटाइजेशन करते हुए त्वरित गति से कार्य किया जाए तथा फील्ड में भ्रमण के दौरान सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता गणना प्रपत्र भरने से वंचित नहीं रहे ताकि प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके।

इस अवसर तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी सहित बीएलओ, विभागीय अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत गणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण व डिजिटाइजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे द्वारा 25 नवम्बर, मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के 26 बीएलओ को प्रशस्ति प्रत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज भी किया जा रहा है।

अब तक जालोर जिले में कुल 71.16 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 62.39 प्रतिशत, जालोर विधानसभा में 67.27 प्रतिशत, भीनमाल विधानसभा में 79.36 प्रतिशत, सांचौर विधानसभा में 78.82 प्रतिशत व रानीवाड़ा विधानसभा में 65.93 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है। जिले में अब तक कुल 1084006 गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं। कनेक्टिविटी की समस्या के सामधान के लिए विशेष कैम्प आयोजित कर गणना प्रपत्रों का डिजिटाजेशन का कार्य किया जा रहा है साथ ही 2002 की मतदाता सूची में नाम ढूंढने की सहूलियत के लिए ईसीआई की वेबसाइट पर 'बाइ नेम सर्च' ऑप्शन की सुविधा प्रदान की गई है।

## कैच द रेन-2025 के कार्यों की समीक्षा होगी

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। जलशक्ति अभियान "कैच द रेन-2025" के तहत मुख्य नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्रसिंह और तकनीकी अधिकारी रामकिशोर जिले के दौरे पर पहुंचे। यह उनका जिले का दूसरा दौरा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों अधिकारी इस बार भी गांवों व कार्यस्थलों पर जाकर चल रहे जल संरक्षण कार्यों की जमीनी समीक्षा करेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि जलशक्ति मंत्रालय वर्ष 2021 से कैच द रेन अभियान चला रहा है।

अभियान की मूल थीम कैच द रेन, व्हेयर इट फॉल्स, व्हेन इट फॉल्स यानी जहाँ बारिश हो, वहीं पानी रोकें है।

इसका मकसद वर्षा जल का अधिकतम संचयन करना और लोगों को पानी बचाने के लिए जोड़ना है।

इस वर्ष "कैच द रेन-2025" की थीम जल संचय जनभागीदारी – जन जागरूकता की ओर तय की गई है।

इसमें समुदाय की भूमिका को योजना बनाने से लेकर कार्यान्वयन और निगरानी तक मजबूत करने पर जोर है।

# सेरना गांव में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**जालोर,** (कासं)। निकटवर्ती सेरना गांव में सोमवार को आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सूफी संतों ने जीवन को संवारने वाले अहम संदेश देते हुए बडी संख्या में मौजूद लोगों को मानवता, मोहब्बत और इस्लामी तहजीब की शिक्षाओं से रूबरू कराया।

कार्यक्रम में गुजरात के राजकोट से पहुंचे प्रसिद्ध सूफी संत पीर सय्यद जावेद बापु जिलानी तथा जोधपुर से पधारे पीर सय्यद मुहम्मद शादाब अली जिलानी उल कादरी ने विशेष तौर पर शिरकत करते हुए लोगों को प्रेरित किया। इसके अलावा स्थानीय उलेमा-ए-इकराम, हाफिज, कारी और कई इस्लाही कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभा में पीर सय्यद जावेद बापु जिलानी ने मां की अजमत और उसका उच्च दर्जा बताते हुए कहा कि इस्लाम में मां का मुकाम बेहद बुलंद है।

उन्होंने कुरान और हदीसों का हवाला देते हुए कहा कि मां के कदमों में जन्नत रखी गई है। उन्होंने लोगों को अपनी मां की इज्जत, सेवा और फरमाबरदारी को जीवन का सबसे बडा फर्ज बताने की नसीहत की। उनकी बातों पर उपस्थित महिलाओं-पुरुषों ने दिल से सहमति जताई और मां-बाप की खिदमत को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दूसरे मुख्य खिताब में पीर सय्यद मुहम्मद शादाब अली जिलानी उल कादरी ने नमाज की पाबंदी और उससे जुडी अदब व एहतियात पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नमाज अल्लाह से जुडने का सबसे पाक माध्यम है, इसलिए इसे पूरी तहरीम और पाकीजगी के साथ अदा करना चाहिए। उन्होंने उन जैनमाजों के उपयोग से बचने की अपील की जिन पर काबा शरीफ की तस्वीर बनी होती है, क्योंकि सज्दा करते वक्त तस्वीर पर पैर पडने का खतरा रहता है, जो नादानिस्ती में बेअदबी का कारण बन सकता है।

मौलाना शौकत अली अकबरी ने समाज में फैल रही कुरीतियों पर चिंता जताते हुए युवाओं से नशे, फिजूलखर्ची और सोशल मीडिया की लत से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा पीढी ही समाज का भविष्य है, इसलिए उन्हें अपने समय और ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना चाहिए। वहीं मौलाना शमशुल हक कारी ने युवाओं को इल्म हासिल करने, सामाजिक कार्यों में भागीदारी बढाने और अपने किरदार को मजबूत बनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने एकता, भाईचारा, अमन और इंसानी हकूक पर रोशनी डालते हुए कहा कि समाज में मोहब्बत और इत्तेहाद बनाए रखना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। अंत में सामूहिक दुआओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें सभी की खुशहाली, सलामती और बेहतर समाज की तामीर की दुआ की गई। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे इस्लाही कार्यक्रमों से नौजवान पीढी को सही मार्गदर्शन मिलता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है।

# जल संरक्षण कार्यों के लिए समीक्षा बैठक हुई

**जालोर,** (कासं)। जल शक्ति अभियान-कैच द रेन 2025 की केंद्रीय नोडल अधिकारी एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार में निदेशक रंजिता रश्मि की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जल शक्ति अभियान-कैच द रेन 2025 के तहत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर अर्जित प्रगति की समीक्षा की।

बैठक के दौरान केंद्रीय नोडल अधिकारी रंजिता रश्मि ने जल संचय-जन भागीदारी अभियान, नेशनल वॉटर मिशन, अमृत सरोवर 2.0 सहित विभिन्न प्रगतिरत जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में संचालित हर घर जल-जल जीवन मिशन के अंतर्गत नर्मदा नहर परियोजना के एफआर, डीआर, इआर एवं सीलु-जैसला-भाटकी प्रोजेक्ट में प्रगति देखी।

उन्होंने वन विभाग की तरफ से जिले में मानसून पूर्व किए गए वृक्षारोपण कार्यों, जल संरक्षण कार्यों तथा मिशन हरियालो राजस्थान की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने प्रधानमंत्री .षि सिंचाई योजना के अंतर्गत जिला परिषद की तरफ से करवाए गए विभिन्न कार्यों- टांका निर्माण, फॉर्म पोंड निर्माण, रूफटॉप रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम कार्यों पर जानकारी लेते हुए जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ प्रदीप के गावंडे, केन्द्रीय भू-जल ब्यूरो के वैज्ञानिक घनश्याम तिवारी, अधिशासी अभियंता लक्ष्मणसिंह सांदू, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता विजेश कुमार बालेसा, मुख्य आयोजना अधिकारी महेश चावला, सहायक वन संरक्षक भंवरसिंह सोढ़ा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जल शक्ति अभियान-कैच द रेन 2025 की केंद्रीय नोडल अधिकारी एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार में निदेशक रंजिता रश्मि ने सोमवार को जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के जल शक्ति केन्द्र का अवलोकन कर संचालन व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेकर कार्मिकों को अद्यतन डाटा अपडेशन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान केन्द्रीय भू-जल ब्यूरो के वैज्ञानिक घनश्याम तिवारी, भू-जल वैज्ञानिक लक्ष्मणसिंह सांदू व जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता विजेश बालेसा उपस्थित रहे।

# मेघवाल ने कार्य संभाला

**पाली** , (नि.सं.)। निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर की ओर से हाल ही मे प्रधानाचार्य पद के स्थानान्तरण आदेश के बाद सोमवार को कार्मिकों ने नवीन पदस्थापन पर पदभार ग्रहण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मिल क्षैत्र मे दौलाराम मेघवाल ने प्रधानाचार्य पद पर कार्य ग्रहण किया।

इस मौके पर मेघवाल ने कहा कि विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर उपर उठाना व विद्यालय मे सुशासन की पहल उनका प्रमुख कार्य रहेगा। इस मौके पर शिक्षाविद्व एन के राजा, लच्छाराम वाघेला,मोहन लाल कुड़िया, नेनाराम चौहान, बाबूलाल चौहान, बलवीर कुमार पारंगी, खीमाराम पारंगी, धर्मेंद्र सोलंकी, कैलाश सुमन, राजेश्वर पुनड,ओम उदाणिया, मदनलाल बामणिया, मोहन परमार, विजय कुमार बालोटिया ,सुखदेव देपन, डूंगर राम हटेला,नवीन कुमार जैन, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, भंवर गोरी,पूजा चारण,अरुण चौधरी आदि मौजूद रहे।



गुवाहाटी की पिच अभी भी बल्लेबाजी के लिए काफ़ी अच्छी है, और अगर इस पर टिक कर बल्लेबाजी की जाए, तो आसानी से रन बनाए जा सकते हैं। - सुंदर वाशिंगटन

भारतीय ऑलराउंडर, गुवाहाटी पिच की प्रशंसा करते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — मार्क यानसन



भारत को पहली पारी में छह विकेट लेकर झकझोरने वाले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्क यानसन ने आज कहा कि उन्होंने विकेट की उछाल और गति का इस्तेमाल किया। यानसन (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त हासिल करते हुए मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में खेलते हुए बिना कोई विकेट खोये 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। यानसन ने तीसरे दिन के खेल के बाद कहा, विकेट में साफ तौर पर अच्छी गति और बाउंस है।

**क्या आप जानते हैं ?...** विलियम गिल्बर्ट ग्रेस को ''क्रिकेट का जनक'' माना जाता है, क्योंकि उन्होंने 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में खेल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मार्क यानसन के छह विकेटों ने भारत को 201 रन पर समेटा



गुवाहाटी, 24 नवंबर। मार्क यानसन (छह विकेट) और साइमन हार्मर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को भोजनकाल के बाद भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस लिया। भारत से पहली पारी में 288 रन से आगे रहने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। मेहमान टीम ने खराब रौशनी के कारण समय से पहले खेल रोके जाने तक बिना कोई विकेट खोये 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। स्टंप्स के समय रायन रिकलटन 13 और एडन मारक्रम 12 रन बनाकर क्रीज पर थे।

इससे पहले भोजनकाल के बाद 79वें ओवर में हार्मर ने वॉशिंगटन सुंदर को एडम मारक्रम के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को आठवीं सफलता दिलाई। वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव के बीच आठवें विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी हुई। वॉशिंगटन सुंदर ने 92 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 48 रनों की पारी खेली। भारत का आठवां विकेट194 के स्कोर पर गिरा। इसी स्कोर पर यानसन ने एक छोर थामे जुझारू बल्लेबाजी कर रहे कुलदीप यादव को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। कुलदीप यादव ने 134 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 19 रन बनाये। इसके बाद यानसन ने 84वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह (पांच) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच आउटकर कर 201 के स्कोर पर भारत की पहली पारी का अंत कर दिया। भारतीय टीम की शुरूआत तो अच्छी रही थी, जब राहुल और जायसवाल ने अर्धशतकीय साझेदारी की। लेकिन इसके बाद उनका कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका। मार्को यानसन की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय बल्लेबाजो को कोई भी मौका नहीं दिया। कुलदीप और वॉशिंगटन के बीच अर्धशतकीय साझेदारी जरूर हुई, लेकिन वह नाकाफी रही।

इससे पहले झटकों से उबरते हुए वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 33) और कुलदीप यादव (नाबाद 14) ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों का डटकर सामना करते हुए भोजनकाल तक भारत का स्कोर सात विकेट पर 174 रन पहुंचा दिया था। चायकाल के बाद मार्को यानसन ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर जवाब हमले का प्रयास कर रहे कप्तान ऋषभ पंत (सात) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यानसन ने नीतीश कुमार रेड्डी (10) और रवींद्र जडेजा (छह) को आउट कर भारत को संकट में डाल दिया। ऐसे संकट के समय वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने मोर्चा संभाला और जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए रन बटोरे।

इससे पहले दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का पहला सत्र यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की अच्छी शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के नाम रहा। साइमन हार्मर (दो विकेट) की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने चायकाल तक भारत के 102 के स्कोर पर चार विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। भारत ने आज यहां कल के बिना कोई विकेट खोए नौ रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। इसी दौरान यशस्वी ने 85 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। 22वें ओवर में केशव महाराज ने केएल राहुल को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। केएल राहुल ने 63 गेंदों में दो चौकों की मदद से 22 रन बनाये।

इसके बाद 33 वें ओवर में साइमन हार्मर ने यशस्वी जायसवाल को मार्को यानसन के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। यशस्वी जायसवाल ने 97 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 58 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। 35वें ओवर में हार्मर ने साई सुदर्शन (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में यानसन ने ध्रुव जुरेल (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आये ऋषभ पंत ने जवाबी हमला किया, हार्मर के आते ही उन्हें सीधा छक्का जड़ दिया, लेकिन चाय के समय भारत पर बहुत दबाव था, पंत 6 रन पर थे और रवींद्र जडेजा अभी खाता नहीं खोल पाए थे, तब भी वे 387 रन पीछे थे। इससे पहले, साउथ अफ्रीका का पहली पारी का 489 रन का स्कोर बड़ा बना हुआ था और तीसरे दिन ही तेज टर्न दिखने लगा है।

दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्को यानसन ने 19.5 ओवरों में 48 रन देकर छह विकेट लिये। साइमन हार्मर ने 27 ओवर में 64 रन देकर तीन विकेट झटके। केशव महाराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया। एडन मारक्रम दक्षिण अफ्रीका के लिए एक टेस्ट पारी में पांच कैच लेने वाले दूसरे फ़ील्डर बन गये। उनसे पहले ग्रीम स्मिथ यह कारनामा कर चुके हैं।

## भारत का बैटिंग एप्रोच काफी खराब था : अनिल कुंबले

गुवाहाटी, 24 नवम्बर। गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मेहमान टीम ने दक्षिण अफ्रीका के 489 रन के जवाब में भारत को 201 रन पर आउट कर दिया और दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए बिना कोई विकेट खोये 26 रन बनाकर 314 रन की मजबूत बढ़त बना ली।

जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, जियोस्टार एक्सपर्ट अनिल कुंबले ने भारत के बैटिंग एप्रोच को काफी खराब बताया। कुंबले ने कहा, ''मुझे लगा कि भारत की बैटिंग की कोशिश काफी खराब थी। टेस्ट क्रिकेट में जो मेहनत और सब्र चाहिए होता है, वह नहीं था। कुछ अच्छी बॉलिंग हुई, लेकिन बैट्समैन मुश्किल स्पेल झेलने या सेशन दर सेशन खेलने के लिए तैयार नहीं दिखे। ऐसा लगा कि मकसद तेजी से रन बनाना था, जो एक टेस्ट मैच में मुमकिन नहीं है, जहां 489 रन धीरे-धीरे बनाने होते हैं। विरोधी बॉलर्स और उनके स्पेल का सम्मान करना बहुत जरूरी है, लेकिन भारत ने वह हिम्मत नहीं दिखाई।

मार्को यानसन ने बहुत अच्छी बॉलिंग की, जिससे भारत पर लगातार प्रेशर बना रहा। जब उन्होंने बाउंसर फेंकना शुरू किया, जो उनकी हाइट और अजीब लेंथ को देखते हुए मुश्किल हो सकता है, तो भारत न तो छोड़ने के लिए तैयार दिखा और न ही वार झेलने के लिए। टेस्ट क्रिकेट में मुश्किल स्पेल से बचने के लिए यह अप्रोच जरूरी है, लेकिन बदकिस्मती से, आज भारत के अप्रोच में इसकी कमी थी।''

## भारत में तीन दिनों में मेहमान टीम का इस तरह हावी होना बहुत कम देखने को मिलता है : डेल स्टेन



गुवाहाटी, 24 नवम्बर। गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मेहमान टीम ने दक्षिण अफ्रीका के 489 रन के जवाब में भारत को 201 रन पर आउट कर दिया। जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, जियोस्टार एक्सपर्ट डेल स्टेन ने भारत की बैटिंग की कमी और लचीलेपन का विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत में तीन दिनों में मेहमान टीम का इस तरह हावी होना बहुत कम देखने को मिलता है।

स्टेन ने कहा, ''भारत में क्रिकेट के तीन दिनों में इस तरह से किसी मेहमान टीम का दबदबा देखना बहुत कम होता है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फ़ैसला करके अच्छी शुरुआत की, यह फ़ैसला काम आया। तब से, उन्होंने जो भी कदम उठाए हैं-चाहे बैटिंग एप्लीकेशन हो या बॉलिंग मैनेजमेंट-सब सही रहा है। मेरे हिसाब से, गुवाहाटी के इन हालात में उनकी स्ट्रैटेजी और एग्ज़िक्यूशन ने भारत की कोशिशों को पीछे छोड़ दिया है।''

दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में जबरदस्त शुरुआत पर स्टेन ने कहा, ''कुछ नर्वस पल आए जब बॉल बल्ले के किनारे से निकलकर गई, लेकिन कुल मिलाकर दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरुआत की। रिकेल्टन ने बुमराह की बॉल पर एक बाउंड्री भी लगाई, जिन्होंने मुश्किल हालात में 30 से ज़्यादा ओवर बॉलिंग की है। यह देखते हुए कि बुमराह 150 ओवर से फील्ड पर हैं और सिर्फ़ 80 ओवर ही खेल पाए हैं। उनके और सिराज के लिए दोबारा बॉलिंग के लिए आना मुश्किल है, जबकि स्पिनर आराम कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका इस मैच में साफ तौर पर मजबूत पोज़िशन में है। जब टेम्बा बावुमा फील्ड से बाहर गए, तो यह साफ़ था कि खेल का आखिरी घंटा बैट्समैन के लिए मुश्किल होगा। बैटिंग जारी रखने का फ़ैसला सही था-पॉज़िटिव रहने, सोच-समझकर रिस्क लेने और अगर कोई विकेट गिरता है, तो उसे होने दें। कल ज़्यादा अच्छी कंडीशन में बैटिंग का पूरा दिन है, जिससे इस पोज़िशन को और बेहतर बनाने का मौका मिलेगा।''

## जयपुर के आहान और आरव कर्णावट ने बनाया नया इंडिया और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड




जयपुर, 24 नवंबर। टाइक्वांडो में अलग-अलग श्रेणियों में जयपुर के दो बाल खिलाड़ीयों ने इतिहास रच दिया है। शहर के 15 वर्षीय आरव कर्णावट और 11 वर्षीय आहान कर्णावट ने टाइक्वांडों में इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाया।आरव और आहान ने ये उपलब्धि जाने-माने खिलाड़ी और अपने दादाजी महेंद्र सिंह कर्णावट के निर्देशन और प्रेरणा से हासिल की। सोमवार को इंडिया और एशियाई बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दोनों खिलाड़ियों ने विधिवत प्रशिक्षण दिखाया। इस दौरान कोच प्रदीप ने अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में आहान ने 2 किलो वजन पकड़कर 1 मिनट में सर्वाधिक ताइक्वांडों फ्रंट किक्स का रिकॉर्ड बनाया। जहां इस नए रिकॉर्ड के लिए एशिया और इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स द्वारा जारी प्रमाणपत्र के अनुसार आहान ने अद्भुत फुर्ती, गति और एकाग्रता के साथ यह रिकॉर्ड 1 मिनट में 113 किक्स के साथ स्थापित किया। वहीं आरव कर्णावट ने 5 किलो वजन पकड़कर 1 मिनट में सर्वाधिक ताइक्वांडो साइड किक्स का नया रिकॉर्ड कायम किया। जिसमें आरव ने कठिन संतुलन और दक्षता के साथ 1 मिनट में 274 किक्स के साथ राष्ट्रीय और एशियाई स्तर पर अलग पहचान बनाई।

### पीएम मोदी के विजन से देश में खेलों के विकास का इकोसिस्टम हुआ तैयार : मांडविया

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स ने खेल प्रतिभाओं के सपनों को दी नई उड़ान : भजनलाल शर्मा

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - 2025 का शुभारंभ



जयपुर, 24 नवंबर। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि नए भारत का निर्माण विकसित भारत के लक्ष्य के साथ हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने और वर्ष 2036 तक देश में ओलम्पिक खेल के आयोजन की तैयारियों के लिए मार्ग दिखाया है। डॉ. मांडविया सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने देश में खेलों के विकास के लिए इकोसिस्टम तैयार किया और जमीनी प्रतिभाओं को तराशने के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। इसके तहत देश में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स, यूथ गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया जाता है। इससे निकली प्रतिभाओं को खेल स्कूलों एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से उचित ट्रेनिंग दी जाएगी।

समारोह में ड्रोन के जरिए लाई गई टॉर्च को मुख्यमंत्री ने मुख्य मंच पर स्थापित कर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का शुभारंभ किया। समारोह में देश-प्रदेश में खेलों के विकास और राजस्थान की विकास यात्रा व गौरव को ड्रोन शो के प्रदर्शन से दिखाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन राजस्थान के 7 संभागों पर किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेने आए हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, यह खिलाड़ियों के सपनों की उड़ान की शुरुआत है। इन गेम्स से खिलाड़ी ओलंपिक चैंपियन भी बन सकता है, इसलिए सभी खिलाड़ी पूरी लगन से इन खेलों में हिस्सा लें। शर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति खेल के मैदान में संघर्ष करना सीख जाता है और कभी हार नहीं मानता, वह जीवन की हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बन जाता है। इन गेम्स में खिलाड़ी सिर्फ पदक जितने नहीं आए हैं, बल्कि अपने भीतर के योद्धा को जगाने आए है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत करते हुए युवाओं से 'उठों, जागों और देश-दुनिया पर छा जाओं' का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब पदक देखने के लिए भारत की आंखे तरस जाती थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश ने खेलों की दुनिया में मान-सम्मान अर्जित किया है। हमारी भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में वर्ल्ड कप जीतकर पूरी दुनिया को बता दिया कि बेटियां भी बेटों से कम नहीं हैं। उनके नेतृत्व में आज पार्क में खेलने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशा जा रहा है। शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में सांसद और विधायक खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी नई प्रतिभाओं को तलाशा जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार खेलों को प्रोत्साहन देते हुए खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध करवा रही है। राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम प्रारंभ की है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं को दुर्घटना एवं जीवन बीमा कवरेज उपलब्ध होगा। वहीं, भारत सरकार के टारगेट ओलंपिक पॉडियम स्कीम से प्रेरणा लेकर राजस्थान टारगेट ओलंपिक पॉडियम शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अर्जुन पुरस्कार के समान द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता प्रशिक्षिकों को भी भूखण्ड आवंटित करने का निर्णय किया है।

युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से देश में खेलों में सकारात्मक परिवर्तन आया है। इसी कड़ी में राजस्थान में 12 दिनों तक 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन हो रहा है। हमारे युवा इन खेलों में अनुशासन और मेहनत से नए कीर्तिमान रचेंगे। उन्होंने कहा कि इन गेम्स में कोई जीतेगा, तो कोई सीखेगा।

इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, सांसद मंजू शर्मा, विधायक कुलदीप धनखड़, महेन्द्रपाल मीना, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के प्रतिभागी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## टोक्यो से भी बड़ा कारनामा! ब्लाइंड महिला विश्वकप-20 भारत ने जीता, पीएम और शाह ने सराहा

नई दिल्ली, 24 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार आयोजित हुए दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप में जीत के लिए भारतीय महिला टीम को बधाई दी और कहा कि यह कड़ी मेहनत, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण है। भारत ने दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप के पहले संस्करण को जीतकर इतिहास रच दिया। भारत ने रविवार को कोलंबो में एकतरफा फाइनल में नेपाल को सात विकेट से हराया। प्रधानमंत्री मोदी ने पर पोस्ट किया कि भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम को पहला दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए बधाई ! इससे भी अधिक सराहनीय बात यह है कि वे श्रृंखला में अपराजित रहीं। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक खेल उपलब्धि है, कड़ी मेहनत, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण है। प्रत्येक खिलाड़ी एक चैंपियन है ! टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएँ। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।

## राजस्थान के विद्युत कार्मिक ड्यूटी के साथ खेलों में भी अव्वल : ऊर्जा मंत्री



जयपुर, 24 नवंबर। पंजाब के पटियाला में 19 नवंबर से 21 नवंबर 2025 तक आयोजित की गई 47वीं अखिल भारतीय विद्युत फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 में राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने टीम के जयपुर पहुंचने पर विद्युत भवन में खिलाड़ियों को शानदार उपलब्धि अर्जित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के बिजली कर्मचारी विषम परिस्थितियों में अपनी नौकरी करते हैं और नौकरी करने के साथ समय निकालकर शरीर स्वस्थ रखने के लिए खेलों से भी लगातार जुड़े हुए हैं। हीरालाल नागर ने कहा कि बिजली कर्मचारियो के कल्याण को देखते हुए अन्य राज्यों और राज्य सरकार की भांति बिजली निगमो में भी स्पोर्टस पॉलिसी बनाकर लागू की जाएगी। राजस्थान विद्युत फुटबॉल टीम की यह उपलब्धि खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, समर्पण और टीम भावना का परिणाम है। प्रतियोगिता में देशभर के राज्यों से विद्युत विभागों की शीर्ष फुटबॉल टीमों ने भाग लिया। राजस्थान टीम ने शुरुआती मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। सेमी फाइनल में हरियाणा की टीम से राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा। कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में राजस्थान के खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी मध्य प्रदेश पावर टीम को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया। टीम के मैनेजर पवन शर्मा सहायक निदेशक जनसंपर्क राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम, कोच विनोद कुमार तक्नीशियन प्रथम जयपुर विद्युत वितरण निगम, कप्तान दिनेश मीणा, सहायक अभियंता कोटा थर्मल हैं। सभी खिलाड़ियों ने इस सफलता के लिए कड़ा संघर्ष किया था। टीम में राजस्थान के सभी विद्युत वितरण निगम, प्रसारण निगम और उत्पादन निगम के विद्युत गृहों के खिलाड़ी शामिल है।

## कृतज्ञ को जयपुर चेस क्लब रैपिड ओपन शतरंज प्रतियोगिता का खिताब



जयपुर, 24 नवंबर। नव भारती सीनियर सेकंडरी स्कूल, रामनगर सोडाला, जयपुर में आयोजित जयपुर चेस क्लब रैपिड ओपन शतरंज प्रतियोगिता में कृतज्ञ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 में से 6.5 अंक अर्जित कर खिताब अपने नाम किया । टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर जिनेश कुमार जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 25,000 की पुरस्कार राशि वितरित की गई। राजस्थान के 133 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 31 रेटेड खिलाड़ी शामिल थे। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष अशोक चोमल व विशिष्ट अतिथि जयपुर जिला शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष मधु मेहता थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक सीनियर नेशनल आर्बिटर मुकेश गुर्जर रहे ।प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर चेस क्लब एवं जयपुर चेस क्लब अकादमी द्वारा किया गया।

## कुशाग्र ने 25वें डेफलंपिक्स 2025 में 50 मीटर राइफल प्रोन में जीता कांस्य

जयपुर, 24 नवंबर। नवंबर भारत ने 25वें समर डेफलंपिक्स, टोक्यो 2025 में एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनते हुए गौरांवित किया, जब राजस्थान के सुमेर नगर, मानसरोवर जयपुर में निवास करने वाले आयु में 18 वर्षीय प्रतिभाशाली निशानेबाज़ कुशाग्र सिंह राजावत ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में दमदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने भारत के नाम किया। अपनी उम्र से कहीं बढ़कर परिपक्वता, धैर्य और तकनीकी दक्षता दिखाते हुए कुशाग्र ने वैश्विक मंच पर अपनी अद्भुत क्षमता का परिचय दिया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। दबाव के बीच अद्भुत प्रदर्शन - 224.3 अंकों के साथ ऐतिहासिक उपलब्धि, फाइनल मुकाबला अत्यंत तनावपूर्ण और उच्च तकनीक माँगने वाला था। किंतु कुशाग्र ने जिस शांति, स्थिरता और नियंत्रण का प्रदर्शन किया, वह उनके अनुभव की उम्र को झुठलाता है। उन्होंने कुल 224.3 अंक अर्जित कर भारत को कांस्य पदक दिलाया।

# आरसीए अंडर-16 चैलेंजर ट्रॉफी शुरू, पहले दिन यश की शानदार शतकीय पारी

### शोभाग, गौरव , निलय के अर्द्धशतक, नतांश, भव्य, कार्तिक, रेयांश, गौरव गेंदबाजी में चमके

जयपुर, 24 नवंबर। आरसीए एडहॉक कमेटी के अनुसार बीसीसीआई की आगामी अंडर 16 ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान अंडर 16 टीम के संभावितों के चयन हेतु राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आज से जयपुर में अंडर 16 चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजित की जा रही है।

आज दिनांक 24 - 25 नवबंरको शुरू हुए 2 दिवसीय मैच के पहले दिन का स्कोर : - पहला मैच टीम बी - टीम सी (लक्ष्य ग्राउंड), टीम बी पहली पारी 340 आल आउट।बल्लेबाज यश शर्मा ने शानदार शतकीय पारी खेली। टीम के लिए यश शर्मा 101, शोभागसिंह 51, अनुराग 46 व शौर्य 39 रन।टीम सी के गेंदबाज भव्य अगल 39 / 3, कार्तिक शर्मा 32 / 2 व दक्ष शर्मा, अक्षय वैष्णव, उज्जवल व अदनान 1- 1 विकेट।टीम सी पहली पारी 10 / ।

दूसरा मैच टीम ऐ - टीम डी ( रणवीर सिंह ग्राउंड ), टीम ऐ पहली पारी 116 आल आउट।टीम के लिए सचिन मीणा 31 व जशनदीप 31 रन।टीम डी के गेंदबाज नतांश करिया 14 / 4, रेयांश, गौरव 2 - 2 व भारत, कुणाल 1 - 1 विकेट।टीम डी पहली पारी 252 / 2, टीम के लिए गौरव सैनी 96, निलय अरोरा 58, शौर्य सिंह नाबाद47 व केविन चड्डानाबाद43 रन।

बीसीसीआई अंडर 23 वीमेन टी 20 ट्रॉफी (राजस्थान - गोवा मैच) - नागपुर में आज खेले गए राजस्थान - गोवा मैच में गोवा ने राजस्थान को 38 रनो से हराया। गोवा पारी 159 / 4, टीम के लिए तनीषा 51, उस्मा 56, हर्षिता27 रन।राजस्थान की गेंदबाज सिद्दी शर्मा, डिंपल कँवर, शानू, अर्चना योगी 1 - 1 विकेट।राजस्थान पारी 121 / 7, टीम के लिए भाविनीभार्गव नाबाद 36, डिंपल कँवर 19, अंजलि 17, पार्वती 13 व अर्चना योगी नाबाद 13 रन। गोवा की गेंदबाज मिताली 21 / 3 व उस्मा22 / 2 विकेट।

**बीसीसीआई अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी** - राजस्थान - गुजरात मैच (दूसरे दिन का स्कोर), राजस्थान दूसरी पारी 7 / 1, नडियाद, गुजरात में खेले जा रहे राजस्थान - गुजरात अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन का स्कोर :- राजस्थान पहली पारी 245 आल आउट, गुजरात पहली पारी 308 आल आउट, टीम के लिए पूरव76, रुद्रा 70 व मानस 53 रन, राजस्थान के गेंदबाज जतिन 88/3, नावेद 91/3 व हनी प्रताप सिंह 48 / 2 विकेट, राजस्थान दूसरी पारी 7 / 1

## दक्ष के नाबाद अर्द्धशतक तथा मेहुल व हिमांक की गेंदबाजी के बावजूद केंडलविक हारी

जयपुर, 24 नवम्बर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज हुकम सिंह क्रिकेट ठाउण्ड हाथोज में चतुर्थ डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये पूल-सी के मुकाबले में शास्त्री क्रिकेट एकेडमी ने मनताज सिंह 40 रन तथा जशन रमाना 18 रन पर 2 विकेट, हर्ष सैनी 32 रन पर 2 विकेट की बदौलत नजदीकी मुकाबले में केण्डलविक क्रिकेट एकेडमी को ओपनर दक्ष कासलीवाल 62 रन नाबाद की शानदार पारी तथा मेहुल सिंह व हिमांक झालानी की शानदार गेंदबाजी के बावजूद 9 रन से हार झेलनी पडी और शास्त्री क्रिकेट एकेडमी ने महत्वपूर्ण 2 अंक अर्जित कर लिये। टॉस जीतकर शास्त्री क्रिकेट एकेडमी पहले बल्लेबाजी करते हुए मनताज सिंह 40 रन, अलतमश शेख 18 रन, सुब्हान पठान 19 रन, एस.एस. शर्मा 14 रन की पारियों के बावजूद केण्डलविक क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजों मेहुल सिंह 11 रन पर 3 विकेट, हिमांक झालानी 27 रन पर 3 विकेट, सार्थक त्यागी 27 रन पर 2 विकेट, मानव साबु 7 रन पर 1 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष 19.3 ओवर में 136 रन पर सिमट गयी।

# मुख्यमंत्री ने देश-विदेश के प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स से वीडियो पर संवाद किया

## उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों को 10 दिसम्बर के कार्यक्रम में आर्थिक विकास से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया

जयपुर, 24 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से देश-विदेश के प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स के साथ वन- टू- वन संवाद किया। इस दौरान उन्होंने चैप्टर्स के अध्यक्षों से अपने क्षेत्र के प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान में सामाजिक एवं आर्थिक विकास से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने और 10 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करने का आ ान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स को सुदृढ़ किया है। आज देश-विदेश में 26 चैप्टर्स के अध्यक्ष मनोनीत कर दिए गए हैं और ये सभी क्रियाशील हैं। इन चैप्टर्स की कार्यकारिणी का अनुमोदन भी किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रवासी राजस्थानियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक जिले में अतिरिक्त जिला कलक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को 10 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस सामारोह के संदर्भ में देश-विदेश में बने प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स के साथ विडियो के जरिये विचार विमर्श किया।*

■ **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थानी दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले प्रवासियों को सम्मानित करेगी।**

ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर, राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानी सम्मान देगी और विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले प्रवासियों को सम्मानित भी करेगी। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में 'राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग' का गठन किया है।

वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान, चैप्टर्स ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग के गठन के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

# अपने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

धर्मेन्द्र आए, स्क्रीन पर उतरे, शर्ट उतारी, अपनी मर्दानगी को खुलकर जिया, अपनी ग्रीक-गॉड जैसी शक्ल-सूरत से लोगों को हैरान कर दिया और ऐसा असर छोड़ा, जैसा, तब तक, बहुत कम अभिनेता छोड़ पाए थे। भारतीय दर्शकों के लिए सिनेमा का खेल बदल गया था। सिनेमा का एक नया धर्म पैदा हुआ, जिसका नाम था "धरम"। गरम, नरम - "धरम" के लिए विशेषणों की कोई कमी नहीं थी। उपनाम भी उतने ही: ग्रीक गॉड, धरती का बेटा, पारिवारिक व्यक्ति, और एक ऐसा इंसान, जो अपनी भावनाएँ खुलकर दिखाता था। वे हर पात्र की छवि में बिना किसी प्रयास के फिट बैठ जाते थे। उन्होंने जिंदगी को खुलकर जिया। प्यार किया तो पूरी तरह किया। उनके लिए "आज" ही सब कुछ था। और जब वे अपने सीटी-मार डायलॉग्स के साथ स्क्रीन पर आते थे तो भारतीय दर्शक तालियों से अपनी प्रतिक्रिया देते थे। उन्होंने यह जादू छह दशकों तक किया। 300 से भी ज़्यादा फिल्में, अनेक हिट फिल्में दीं, और नब्बे साल तक भारतीय दर्शकों को बांधे रखा। 24 नवंबर को धर्मेन्द्र ने अपने इस बड़े परिवार-अपने दर्शकों-से आखिरी विदाई ले ली, अपने 90वें जन्मदिन से ठीक दो हफ्ते पहले। धर्मेन्द्र का मुंबई आना और भारत के सबसे लोकप्रिय सितारों में से एक बन जाना किसी सपने जैसा है। स्क्रीन आइकन दिलीप कुमार ने इस साधारण से गाँव के लड़के, पंजाब के लुधियाना ज़िले के नसराली गाँव के धर्मेन्द्र को एक्टर बनने के लिए प्रेरित किया। 1948 में आई फिल्म शहीद, जिसमें दिलीप कुमार मुख्य भूमिका में थे, ने युवा धर्मेन्द्र के दिल पर अमिट असर छोड़ा था।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होने से पहले जो भी प्रक्रिया शुरू हुई, उसने यह भी दिखाया है कि बांग्लादेश से भारत में बड़े पैमाने पर घुसपैठ हुई है। जो लोग अवैध रूप से देश में रह रहे थे, वे अब डर गए हैं और चुपचाप देश छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

■ **यह बांग्लादेशी ममता बनर्जी का वफादार वोट बैंक था और ममता जी ने उन्हें विश्वास दिलाया था कि वे सर प्रक्रिया पूरी नहीं होने देंगी, पर, सर प्रक्रिया पूरी होती देख, यह वोट बैंक टूटा तो है ही और नाराज़ भी है, ममता जी से।**

एसआईआर प्रक्रिया के लागू होने के बाद कई खुलासे सामने आए हैं। इस प्रक्रिया ने उन अनेक बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों में डर पैदा कर दिया है, जो चोरी-छिपे भारत आए और यहां रह रहे थे।

ये अवैध घुसपैठिए अब तक उन सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे, जो सिर्फ भारत के नागरिकों के लिए हैं। आम भारतीयों से मिले टैक्स रैवेन्यु और पब्लिक के पैसे का इस्तेमाल गरीब भारतीय परिवारों के लिए बनीं योजनाओं पर खर्च होना चाहिए था, लेकिन इन अवैध लोगों को भी वही लाभ मिलते रहे।

यह सामान्य परिस्थितियों में अपराध है और पकड़े जाने पर इन्हें सज़ा हो सकती है। इसके अलावा, बिना वैध कागज़ों के किसी देश में रहना भी एक क्रिमिनल अपराध है।

कुछ स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, इन अवैध घुसपैठियों का बड़ा हिस्सा अब अपनी दुकानें बंद कर बांग्लादेश लौट गया है। उम्मीद है कि जल्द ही और भी लोग वापस जाएंगे। भारत-बांग्लादेश सीमा के कई हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग बांग्लादेश की ओर लौटने की जल्दी में दिखाई दे रहे हैं।

वैसे भी, अगर इनमें से किसी अवैध घुसपैठिए को पकड़ा गया तो उसे गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ेगा और हिरासत में लिया जाएगा। ऐसी संभावना को देखते हुए कई लोग पहले ही बांग्लादेश लौट गए हैं। कुछ इलाकों में कुछ अफरा-तफरी की स्थिति भी है।

# अरबपति लक्ष्मी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लेबर सरकार की पुनर्वितरण नीति (रीडिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी) से भरे राजनीतिक माहौल, जैसे "मेंशन टैक्स" की चर्चाएँ, और पहले "एग्ज़िट टैक्स" पर विचार, ने ऐसी अनिश्चितता पैदा कर दी है, जिसे इन्वैस्टर्स टैक्स के बोझ से भी ज्यादा खतरनाक मानते हैं। असल में, ब्रिटेन के इस बदलाव ने वैल्थ मैनेजमैंट में राजनीतिक जोखिम जोड़ दिया है, एक ऐसा जोखिम, जिससे लंदन हमेशा निवेशकों को सुरक्षित रखता था। इन नए नियमों के लागू होने के साथ, यूके अब एक उच्च-कर और उच्च-अनिश्चितता वाले देश जैसा दिखने लगा है, न कि एक स्थिर वैश्विक निवेश केन्द्र जो वह दशकों तक रहा है। मित्तल की प्रतिक्रिया इस नई सच्चाई को दिखाती है। वे अब स्विट्ज़रलैंड के टैक्स निवासी हैं, जो अपनी स्थिरता और स्पष्ट नियमों के लिए जाना जाता है। मित्तल अपना अधिकांश समय दुबई में बिताने की योजना बना रहे हैं, जहाँ वैश्विक संपत्ति पर कोई इनहेरिटेंस टैक्स नहीं लगता। दुबई के अल्ट्रा लग्ज़री नाया आइलैंड प्रोजेक्ट में उनकी नई बड़ी निवेश योजनाएँ दिखाती हैं कि यह कदम अस्थायी नहीं, बल्कि स्थाई है। यह ब्रिटिश कारोबारी इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय का अंत है और यूके में टैक्स सुधारों के बाद वैश्विक संपत्ति के प्रवाह में होने वाले बड़े बदलावों का प्रारंभिक संकेत भी है।

# 'धारीवाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कपिल सिब्बल ने धारीवाल की ओर से बहस करते हुए कहा कि मामले में मूल परिवादी रामशरण सिंह की मृत्यु हो चुकी है।

ऐसे में अशोक पाठक को इंटरवीनर के तौर पर क्यों सुना जा रहा है, जबकि उन्हें सुनवाई का कोई अधिकार ही प्राप्त नहीं है। इसके जवाब में पाठक की ओर से सीनियर एडवोकेट कुंवर सुलतान सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ही पूर्व में पाठक को इस मामले में इंटरवीनर बनाया है। वहीं, पाठक की एसएलपी पर ही सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मामले को वापस हाईकोर्ट को रिमांड करते हुए वापस सुनवाई कर छह माह में फैसला देने को कहा था। ऐसे में पाठक को मामले में इंटरवीनर के तौर पर पक्ष रखने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनकर धारीवाल को हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश पर आपत्ति बताने के लिए कहा।

# अभी तक नीतीश सरकार के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में तेज़ बढ़ोतरी हुई, जिनमें कई हाई-प्रोफ़ाइल हत्याएँ भी शामिल हैं। ये घटनाएँ हालिया विधानसभा चुनावों में विपक्षी महागठबंधन (एमजीबी) का बड़ा चुनावी मुद्दा भी बन गई थीं।

भगवा पार्टी का मानना है कि गृह विभाग उसके पास होने से प्रशासनिक नियंत्रण मजबूत होगा और शासन बेहतर तरीके से चल सकेगा। लेकिन जेडीयू के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि इस फैसले को पार्टी के अन्दर नीतीश कुमार के अधिकार एवं शक्ति को कमजोर करने के लिए सोची-समझी कोशिश के रूप में देखा गया है।

एक वरिष्ठ जेडीयू नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने भाजपा को साफ बता दिया है कि "बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति" में पार्टी स्पीकर के पद पर कोई समझौता नहीं कर सकती। उनके अनुसार, स्पीकर का यह पद दलबदल रोकने और विधानसभा में स्थिरता बनाए रखने के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है।

जेडीयू नेता ने कहा, "हमारे लिए स्पीकर का पद पार्टी को सुरक्षित रखने के लिए अति आवश्यक है। हम फिलहाल अपने किसी भी विधायक के दलबदल का जोखिम नहीं उठा सकते। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा "कुछ भी सुनने के लिए तैयार नहीं है।"

दूसरी तरफ, भाजपा का कहना है कि स्पीकर का पद, पारंपरिक रुप से, लगभग दो दशकों से, उसके पास रहा है, इसलिए अब इसे छोड़ने का कोई भी कारण उसकी समझ से बाहर है। इस पद को भाजपा के पास रहने से वह विधानसभा के भीतर संस्थागत प्रभाव बनाए रख सकेगी। इस बीच, विपक्ष ने सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। महागठबंधन के नेता और जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर बार-बार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और तीन अन्य मंत्रियों पर व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं।

उनके अनुसार, इन नेताओं ने फ़र्जी शैक्षिणक और जन्म संबंधी दस्तावेज़ बनाए हैं और राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करके बैंहिसाब संपत्ति जुटाई है। विपक्षी दलों को आशंका है कि भाजपा-जेडीयू सरकार अब गृह विभाग की शक्तियों का उपयोग करके विरोधी आवाज़ों को निशाना बना सकती है और भ्रष्टाचार के आरोपों को दबा सकती है। बढ़ते तनाव और समाधान की कोई संभावना नज़र न आने के कारण, नई बनी एनडीए सरकार का सुचारु संचालन अब काफी अनिश्चित दिखाई दे रहा है।

# समाप्त ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मानना है कि पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है तथा आलाकमान को इस मामले में फैसला लेना चाहिए। ये विधायक आलाकमान के जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

# न्यायमूर्ती सूर्यकांत ने भारत के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली

नयी दिल्ली, 24 नवंबर। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज उच्चतम न्यायालय के 53वें मुख्य न्यायाधीश का पदभार ग्रहण कर लिया।

इससे पूर्व, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में एक गरिमामय समारोह में मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलायी।

उन्होंने हिंदी में शपथ ली और शपथ ग्रहण के बाद पूर्ववर्ती मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई से गले मिलकर उनका गर्मजोशी से अभिवादन किया। उनका कार्यकाल नौ फ़रवरी 2027 तक होगा। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत हुए हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत का शपथ ग्रहण समारोह इस दृष्टि से ऐतिहासिक रहा कि इसमें छह देशों-भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरीशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश या वहां के सुप्रीम कोर्ट के जज शामिल हुए। पहला अवसर है, जब देश के मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में इतना बड़ा विदेशी न्यायिक प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ।

शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह तथा कई अन्य प्रमुख केन्द्रीय मंत्री और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# मोदी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अयोध्या में पवित्र राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा झंडा फहराएंगे, जो मंदिर के निर्माण के पूरा होने और सांस्कृतिक उत्सव और राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक होगा। प्रधानमंत्री इस ऐतिहासिक मौके पर सभा को भी संबोधित करेंगे।






राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908